तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



पुलिस मैदान में ऑटो चालकों के लिए क्यू आर कोड से किया जा रहा डिजिटल पंजीयन। पहले दिन तीन सौ लोगों ने कराया पंजीयन।



खबर संक्षेप

राज्यपाल रमेन डेका बिलासपुर आएंगे आज

बिलासपुर। राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार 9 अक्टूबर को बिलासपुर प्रवास पर आएंगे। वे दोपहर 12 बजे सरकंडा स्थित खेल परिसर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं कैडेट बालक-बालिका जूडो प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका सुबह 9.30 बजे लोक भवन, रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे बिलासपुर के सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वे सुबह 11.50 बजे सर्किट हाउस से सरकंडा स्थित खेल परिसर के लिए रवाना होंगे और दोपहर 12 बजे जूडो प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। राज्यपाल दोपहर 1 बजे खेल परिसर से प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। भोजन के पश्चात वे दोपहर 2 बजे सड़क मार्ग से रायपुर के लिए रवाना होंगे।



सिम्स की बैठक में शामिल होंगे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

बिलासपुर। सिम्स मेडिकल कालेज और अस्पताल में स्वशासी की केन्द्रीय समिति की बैठक शुक्रवार 9 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगें। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री सबसे पहले नवीन सिम्स निर्माण भूमि पहुंचेंगें, स्थल निरीक्षण के बाद कैंसर अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगें। इसके बाद सिम्स मेडिकल कालेज के स्वशासी समिति में बैठक लेंगें। इस दौरान 18 से अधिक प्रस्ताव पर स्वीकृति मिल सकती है, जिसके बाद सिम्स मेडिकल कालेज और अस्पताल में रखरखाव और निर्माण के कार्य पूरे कराए जा सकेंगें।



खेल का मैदान बना शराबखोरी का अड्डा, अंधेरा होने के बाद छलकता है जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहतराई के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग के साथ बड़ी संख्या में प्रदेश के सभी जिले से पहुंची बालिका खिलाड़ी भी हिस्सा ले रही हैं। ग्राउंड में खेल समाप्ति और शाम को अंधेरा होने के साथ ही जाम छलक रहा है। जहां शराबखोरी करने के बाद बोतल को आने-जाने के रास्ते में फेंका जा रहा है।

- बहतराई के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता
- बालकों के साथ बड़ी संख्या में बालिकाएं भी ले रही हैं हिस्सा

लोक शिक्षण संचालनालय के तत्वावधान में जिला शिक्षा विभाग की ओर से 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 10 अक्टूबर तक बहतराई के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में शुरु किया गया है। इस प्रतियोगिता में हॉकी, आर्चरी और कबड्डी में प्रदेश के पांच जोन मेजबान बिलासपुर के साथ सरगुजा, रायपुर, दुर्ग और बस्तर के खिलाड़ियों के अलावा कोच, मैनेजर एवं आफिशियल्स भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में खेल के साथ सभी खिलाड़ियों और कोच मैनेजर के लिए आवास की सारी व्यवस्था भी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के अंदर की गई है। इसकी वजह से खिलाडी भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। सुबह के साथ दोपहर 3 बजे के बाद सारी खेल गतिविधियां चलती है, जिसके बाद शाम होते ही खिलाड़ियों कों आवास में वापस भेज दिया जाता है। खिलाड़ियों के अलावा कोच मैनेजर भी आवास तक तो पहुंचते हैं। इसके बाद का अंधेरा होते ही कुछ कोच मैनेजर ऐसे भी हैं, जो आउटडोर ग्राउंड के पीछे में जाकर शराब खोरी भी करने लगे हैं। यहां सुरक्षा के लिए लगाए गए गार्ड खिलाड़ियों और कोच मैनेजर को खेल की गतिविधियां और बाहर से आने की वजह से कुछ भी नहीं बोल पा रहे हैं, जिसका फायदा उठाकर शराबखोरी करने के बाद बोतल को आने-जाने वाले रास्ते में फेंककर आराम फरमाने चले जाते हैं। इस तरह की गतिविधि पिछले दो रात से चल रही है, लेकिन विभाग की ओर से इसमें कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



खेल मैदान में पड़ा कचरा।







व्यवस्था से बच्चे खुश

प्रतियोगिता के दौरान हॉकी, कबड्डी और आर्चरी में शामिल होने वाले बच्चों के लिए आवास की सारी व्यवस्था स्पोर्टस काम्पलेक्स के प्रांगण में की गई है, जहां बालिकाओं के अलावा इंडोर ग्राउंड में हॉस्टल के अलग-अलग कमरे भी बनाए गए हैं। इन कमरों में कूलर और पंखे की व्यवस्था शुरुआत से ही दी गई है। बच्चों के आराम के लिए टेंट हाउस से गद्दा, चादर और तकिया भी मंगाया गया है। शाम को बच्चों को मच्छर से बचाने लिए सभी कमरे में क्वाइल भी वितरित किए गए हैं। पानी सहित सारी व्यवस्था दुरुस्त होने के साथ ही बच्चे भी काफी खुश नजर आ रहे हैं।

रोकने का दिया गया आदेश

राज्य स्तरीय की प्रतियोगिता चल रही है और इसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। दो दिन से लगातार शराब की बोतल आउटडोर के पीछे होने की सूचना मिल रही थी। शराबखोरी शाम को अंधेरा होने के बाद हो रही है। इसे कौन कर रहा है, इसकी जानकारी नहीं है। शराबियों को रोकने के लिए सभी गार्ड को आदेश दिया गया है कि वे उन्हें देखकर तत्काल सिटी बजाकर वीडियो बनाएं।

-ए एक्का
उप संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

मामला महज कुछ रुपए की वसूली का नहीं, ग्राहक से पैसा लिया जा रहा है तो उसके पीछे नियम क्या

बोर्ड पर पार्किंग एट ओन रिस्क और रोजाना लाखों की वसूली, मैग्नेटो व 36 मॉल पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के दो बड़े मॉल मैग्नेटो और 36 मॉल की पार्किंग व्यवस्था अब सवालों के घेरे में है। मॉल में आने वाले ग्राहकों से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है, लेकिन इस शुल्क की वैधता और वसूली की पूरी प्रक्रिया को लेकर स्थिति कितनी पारदर्शी है, इसका स्पष्ट जवाब सामने नहीं है। सवाल यह भी है कि जब ग्राहक मॉल में खरीदारी करने पहुंचता है, तो पार्किंग शुल्क किस नियम और किस अनुमति के आधार पर लिया जा रहा है। इसके साथ ही रायपुर के अंबुजा माल के मामले में उपभोक्ता भोरम ने उपभोक्ताओं से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग के नाम पर, शुल्क नहीं लेने और निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।फिर भी बिलासपुर में इस पर रोक नहीं है।

मामला महज कुछ रुपए की वसूली का नहीं है। मुद्दा यह है कि ग्राहक से पैसा लिया जा रहा है तो उसके पीछे नियम क्या है? शुल्क की दर किसने तय की?



यह है हालत

36 माल में देखा जाए तो बकायदा एक गार्ड रूम बनाकर पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। यहां प्रति बाइक 20 रुपए तो कार का 35 रुपए लिया जा रहा है। बकायदा इसकी रसीद दी जाती है तो कई बार पैसा कर्मचारियों की जेब में चला जाता है। यही नहीं पार्किंग एरिया में माल प्रबंधन ने लिख रखा है कि पार्किंग एट ओन रिस्क। मतलब कि पैसा लेने के बाद भी माल प्रबंधन की कोई जिम्मेदारी गाड़ियों को लेकर नहीं है। यहां 200 से अधिक बाइक और 70 से अधिक कार पार्किंग रोजाना होती है। जाहिर है कमाई रोजाना की लाखों में है। यही हाल मैग्नेटो माल का भी है। यहां भी पार्किंग शुल्क बाइक का 20 तो कार का 35 रुपए है। तीन कर्मचारी मशीन लेकर रसीद काटने खड़े दिखाई देते हैं। शुल्क के बारे में पूछने पर कई बार विवाद की स्थिति भी बनती है।

आयोग का आदेश देखने के बाद कार्रवाई

यह देखना होगा कि उपभोक्ता आयोग का यह आदेश प्रदेश के सभी मॉल के लिए है या नहीं। मॉल पर कार्रवाई उसके अपने तथ्यों, दस्तावेजों, पार्किंग व्यवस्था, लागू नियमों और संबंधित मामले के आधार पर तय होगी। - पूजा विधानी, महापौर

निगरानी करने वाले नींद में

शहर में बड़े व्यावसायिक परिसरों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर नियम और अनुमति की प्रक्रिया मौजूद है, लेकिन सवाल यह है कि उनकी निगरानी कितनी प्रभावी है। यदि पार्किंग शुल्क नियमों के तहत लिया जा रहा है तो प्रशासन को इसकी स्थिति सार्वजनिक करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। वहीं, यदि नियमों से अलग जाकर शुल्क लिया जा रहा है तो जिम्मेदारी तय करने की कार्रवाई भी होनी चाहिए। ग्राहकों के लिए सबसे बड़ी परेशानी पारदर्शिता की कमी है। पार्किंग शुल्क की दर, लागू नियम और शुल्क वसूली की शर्तें स्पष्ट नहीं होने पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं।

माल प्रबंधन की जिम्मेदारी

एडवोकेट शशांक उपाध्याय के मुताबिक अगर आप पार्किंग फीस दे रहे हैं, तो आपकी गाड़ी की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी पार्किंग संचालक की है। कानूनी तौर पर मुआवजे के हकदार हैं। पार्किंग पर्ची पर लिखी यह शर्त की पार्किंग एट ओन रिश्क सिर्फ एक चेतावनी हो सकती है, लेकिन यह संचालक को कानूनी देनदारी से मुक्त नहीं करती। अगर पार्किंग क्षेत्र में सीसीटीवी या गार्ड नहीं हैं और गाड़ी चोरी होती है, तो इसे संचालक की सेवा में कमी माना जाएगा।

जांच हुई तो सामने आएगी असली तस्वीर

यही नहीं माल प्रबंधन द्वारा दावा किया जाता है कि 10 मिनट तक पार्किंग निशुल्क रहती है। इसके बाद 30 रुपए शुल्क लिया जाता है। प्रबंधन का यह भी कहना है कि यदि कोई व्यक्ति शुल्क जमा करने के बाद 10 मिनट के भीतर वाहन लेकर बाहर निकलता है, तो राशि वापस कर दी जाती है लेकिन जब हरिभूमि माल के अंदर पहुंचा तो उस समय 10 मिनट की निशुल्क पार्किंग की स्पष्ट जानकारी देने वाला पर्याप्त बोर्ड, स्टिकर या अन्य प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं था।

मरवाही पहुंचा 52 हाथियों का दल, गांव में दहशत



बिलासपुर। मरवाही वन मंडल में 52 हाथियों का दल पसान की ओर से पहुंच गया है, जिसके कारण ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं विभागीय टीम लगातार मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को अलर्ट करने में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार 52 हाथियों का दल पहली बार इतनी बड़ी संख्या में अचानक मरवाही के क्षेत्र में पहुंच गया है। यह सारे हाथी कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र में प्रवेश किए हैं। बुधवार की देर रात हाथियों का दल बनखेता से दमदम में घुस गया। हाथियों की मौजूदगी के कारण सबसे अधिक दहशत में ग्रामीण हैं, जो अपनी फसल और झोपड़ी को नुकसान पहुंचने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। हाथियों की सूचना मिलने के साथ ही मरवाही वन मंडल के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। गुरुवार की सुबह से ही हाथियों पर लगातार निगरानी की जा रही है। विभाग इस प्रयास में हैं कि फसल व मकान को भले नुकसान हो जाए लेकिन किसी तरह की जनहानि न हो सके। इसके कारण पूरे ग्रामीण एरिया में कोटवार के माध्यम से लगातार मुनादी कराने के साथ ही लोगों को अलर्ट करने के साथ निगरानी भी की जा रही है। ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि वह अकेले घर से बाहर न निकले और जंगल की ओर न जाएं। हाथी रूमगर, मटियादांड, सेमरदर्री नाका, बहरीझोरकी, मुगर्दा, दानी कुंडी, गुल्लीडांड, मौहरीटोला, करगीकला, मरवाही एवं पीपरडोल गांव सहित आसपास के वन क्षेत्र में पहुंच सकते हैं। मरवाही वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि कटघोरा और पसान के बीच में एक नदी है, उस स्थान पर 52 हाथियों का मूवमेंट है।

जिले के 18 तहसीलदार-नायब तहसीलदारों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रशासनिक दृष्टिकोण से कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा जिले के 18 नायब तहसीलदारों व तहसीलदारों का स्थानांतरण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार बिलासपुर में अतिरिक्त तहसीलदार के रूप में पदस्थ आकाश गुप्ता को बिलासपुर तहसील का नया तहसीलदार बनाया गया है। यहां पदस्थ प्रकाश चंद्र साहू मस्तूरी के तहसीलदार होंगे।

- आकाश को बिलासपुर का जिम्मा

कलेक्टर द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार बिलासपुर में अतिरिक्त तहसीलदार के रूप में पदस्थ प्रकृति ध्रुव अतिरिक्त तहसीलदार सीपत होंगी। बिल्हा तहसीलदार राजेंद्र भारत को रतनपुर का तहसीलदार बनाया गया है। मस्तूरी में पदस्थ तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण को बोदरी तहसीलदार बनाया गया है। नायब तहसीलदार के रूप में मस्तुरी में पदस्थ शुभांगी गुप्ता नायब तहसीलदार पचपेड़ी होंगी।

तखतपुर में पदस्थ नायब तहसीलदार अनिरूद्ध तिवारी इसी पद पर बिलासपुर पदस्थ किए गए हैं। नायब तहसीलदार कोटा अप्रतिम पाण्डेय को भी बिलासपुर पदस्थ किया गया है। तहसीलदार बेलगहना पंकज सिंह अब अतिरिक्त तहसीलदार रतनपुर होंगे। नायब तहसीलदार बेलगहना राहुल साहू को इसी पद पर तखतपुर पदस्थ किया गया है। सकरी में तहसीलदार के रूप में पदस्थ राहुल शर्मा अब तहसीलदार बिल्हा होंगे। नायब तहसीलदार सकरी विभोर यादव को हाल ही में हुई पदोन्नति के बाद तहसीलदार बेलगहना के रूप में पदस्थ किया जा रहा है। नायब तहसीलदार सकरी टोपलाल सिदार को इसी पद पर बेलगहना पदस्थ किया गया है। रतनपुर तहसीलदार के रूप में पदस्थ सोनू अग्रवाल तहसीलदार सकरी बनाए गए हैं। नायब तहसीलदार रतनपुर के रूप में पदस्थ अंकित राजपूत इसी पद पर सकरी भेजे गए हैं। बोदरी तहसीलदार संदीप साय को तहसीलदार सीपत के रूप में पदस्थ किया गया है।

स्थानांतरण पर उपस्थित तहसीलदार श्वेता यादव अतिरिक्त तहसीलदार सकरी बनाई गई हैं। इसी तरह स्थानांतरण पर ही आने वाली तहसीलदार जयश्री राजन पथे तहसीलदार नजूल एवं प्रोटोकॉल शाखा का कामकाज सम्हालेंगी।



जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्

डॉ. देवेन्द्र कौशिक

(जिला मंत्री भाजपा)

को **जन्मदिवस** की

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

रविन्द्र पाटनवार
विधायक प्रतिनिधी (बिल्हा)

विपिन वर्मा
युवा नेता

राम कुमार कौशिक
जनपद अध्यक्ष बिल्हा

डॉ. देवेन्द्र कौशिक
जिला मंत्री भाजपा

लव श्रीवास · उमाशंकर कश्यप · पोषण यादव · हरिश साहू · संजय राजपूत · इन्द्राशन क्षत्रीय · संजय ध्रुव · पंकज श्रीवास · चन्द्रिका कौशिक · मुकेश गेंदले · करन कसेर · लोकेश साहू · निलेश भार्गव · मनीष यादव · जय रजक · विजय श्रीवास

इन्द्रजीत क्षत्रीय
मण्डल अध्यक्ष बरतोरी

लव कौशिक
जिला मंत्री- युवा मोर्चा

तामेश कौशिक
युवा नेता

संतोष कश्यप
युवा नेता

रितेश अग्रवाल
जिला मंत्री भाजपा

आयुष कौशिक
युवा नेता

मोनू यादव
युवा नेता

सिद्धार्थ त्रिवेदी
युवा नेता

सागर बंजारे
मण्डल अध्यक्ष बरतोरी

नरेश शुक्ला · भृगु अवस्थी · देव साहू

सौजन्य - समस्त मित्रगण बिल्हा विधानसभा

संदीप वर्मा
युवा नेता

खबर संक्षेप

लायंस क्लब का सेवा सप्ताह पर जनसेवा का सराहनीय कार्य



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत जन स्वास्थ्य सहयोग अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गनियारी में एक विशेष जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल एवं जरूरतमंद मरीजों के उपयोग के लिए मेडिकल पलंग, व्हील चेयर, मेडिकल उपकरण, दवाइयाँ, अनाज, फल, जेंट्स कपड़े, साड़ियाँ एवं गाउन, बच्चों के कपड़े, कंबल, टोपी तथा अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एसिड, फिनायल एवं झाड़ू जैसी सफाई सामग्री भी प्रदान की गई। क्लब के अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा ने कहा कि सेवा सप्ताह के माध्यम से क्लब समाज के जरूरतमंद, असहाय एवं वंचित वर्गों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्लब द्वारा विभिन्न उपयोगी सामग्री प्रदान की गई है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। श्रीकांत सहारे ने कहा कि सेवा कार्य ही लायंस क्लब की पहचान है तथा समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन मंजीत सिंह अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर मनीष चंदेल, रौनक अग्रवाल, डॉ. हर्ष पांडेय, डॉ. आर.के. खेत्रपाल, अरविंद दीक्षित, विमल केडिया, दौलत खत्री, सीए जी.एम. गुप्ता, आर.के. अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, डॉ. राजेश दुबे, इतिफ़ाक़ सागरी, डॉ. अरुण शुक्ला, हरभजन सिंह गंभीर, राकेश सखुजा तथा नरेश भंडारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान : वन मंडल में की गई लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत संजीवनी विक्रय केन्द्र जिला यूनियन वन मंडल बिलासपुर में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें वन मंडल कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा अन्य लोग सहित 105 लोगों ने शिविर का लाभ लिया। चिकित्सकों ने लोगों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं वजन की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार ने स्वास्थ्य जांच कराने के बाद शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेदिक औषधियों के उपयोग, उसके लाभ एवं छत्तीसगढ़ हर्बल के आयुर्वेदिक उत्पादों के संबंध में जानकारी देकर प्रचार-प्रसार किया। इसमें एसडीओ टीएस मरई, कोटा एसडीओ अनिल भास्करन, डॉ. अभिषेक यादव, डा. नीलिमा साहू, डा.अंजली शर्मा, संजय चौबे, लोकेश कुमार, अनंत लेखपाल श्रीमती माधुरी, सीके रजक, कमलेश तिवारी, राजेश सिदार, चंद्रपाल चौकसे आदि मौजूद थे।

कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन ने किया कलेक्टोरेट का घेराव

बिलासपुर। इंडिया गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस सहित घटक दल सीपीआई, सीपीआई माले, सीपीएम, समाजवादी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता अंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में घेराव प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- **मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**



इंडिया गठबंधन के बैनर तले घटक दल के महेन्द्र गंगोत्री कांगेस, पवन शर्मा, सीपीएम के सुखऊ निषाद, नंद कश्यप सीपीएम, लल्लन राम सीपीआई माले, धनीराम यादव समाजवादी पार्टी, संजय चौहान एनसीपी शरद पवार के अगुवाई में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, सियाराम कौशिक, पूर्व सांसद इंग्रिड मैकलाउड की उपस्थिति में अंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए और अंबेडकर प्रतिमा सामने संविधान की धारा 326 का सामुहिक वाचन एवं राष्ट्रगान के बाद रैली के रूप में आगे बढ़े। अंबेडकर चौक से राजेन्द्रनगर चौक, नेहरू नगर चौक होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए प्रदर्शनकारी वहीं गेट के सामने बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। कलेक्टोरेट गेट पर रैली को कांग्रेस की ओर से विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, सीपीएम के नंद कश्यप, सीपीआई के पवन शर्मा ने संबोधित करते हुए अपनी बात रखी विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था संवैधानिक संस्थाओ का असंवैधानिक आचरण नरेन्द्र मोदी एवं आरएसएस के इशारे पर हो रहा है।

डीपी लॉ कालेज में हंगामा छात्रों ने किया घेराव

बिलासपुर। डीपी विप्र लॉ कालेज में माहभर पहले ही मारपीट की घटना हुई थी। उसके बाद गुरुवार को फिर कालेज में जमकर हंगामा हुआ। कालेज के ही छात्रों ने विभिन्न विषयों को लेकर कालेज में घेराव प्रदर्शन किया और कालेज के चेयरमेन से मिलकर ही चर्चा करने पर बात पर अड़े रहे। इस तरह कालेज में काफी देर तक घेराव प्रदर्शन चलता रहा और प्राचार्य के समझाईश के बाद घेराव समाप्त हुआ।

- **चेयरमेन से मिलने की मांग पर अड़े रहे छात्र**



डीपी लॉ कालेज में प्रदर्शनकारी छात्रों ने करीब एक महिने पहले पास-आउट हो चुके सीनियर छात्र-छात्राओं पर जूनियर छात्रों के साथ मारपीट और विवाद करने का आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर छात्रों में नाराजगी बनी हुई है। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि कालेज में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रबंधन को गंभीरता से कदम उठाने की जरूरत है, वहीं एनएसएस से जुड़े मामलों को लेकर भी छात्रों ने कालेज प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। छात्रों का आरोप है कि एनएसएस अधिकारी की गैरमौजूदगी में भी छात्रों को परिसर की चाबियां दे दी जाती है। ऐसे में एनएसएस परिसर के भीतर छात्र-छात्राएं क्या गतिविधियां कर रहे हैं इसकी निगरानी नहीं हो पाली। घेराव के दौरान छात्रों ने कालेज की अन्य समस्याओं को भी उठाया और प्रबंधन से जवाब मांगा। छात्र अपनी शिकायतें सीधे कालेज के चेयरमेन के सामने रखना चाहते थे। इसको लेकर देर तक छात्रों ने कालेज परिसर में प्रदर्शन किया और चेयरमेन से मिलने की बात को लेकर अड़े रहे। कालेज प्रबंधन की ओर से कालेज के प्रभारी प्राचार्य सुषमा तिवारी ने छात्रों को आश्वासन दिया कि एनएसएस रूम का ताला अब तभी खुलेगा जब वहां पर कोई शिक्षक रहेंगे।

एसईसीएल में सुरक्षित खनन संचालन सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर चर्चा

बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में 8 अक्टूबर को 50वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक हुई। एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता उप महानिदेशक, खान सुरक्षा, उत्तर अंचल, गाजियाबाद नीरज कुमार ने की।

इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षित खनन के लिए सुरक्षा मानकों का प्रभावी अनुपालन, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा के प्रति सजगता आवश्यक है। सामूहिक प्रयासों से सुरक्षित कार्य संस्कृति को और मजबूत किया जा सकता है। बैठक में एसईसीएल की ओर से निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) रमेश चंद्र महापात्र तथा निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) नृपेन्द्र नाथ उपस्थित रहे। मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष, विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी तथा ठेका कंपनियों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित रहे।



बी. बी. सटियार, उप महानिदेशक, खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर इरफान अहमद अंसारी, निदेशक खान सुरक्षा, बिलासपुर क्षेत्र -1 अल्ताफ हुसैन अंसारी, निदेशक खान सुरक्षा, बिलासपुर क्षेत्र-2 ए. रामबाबू, निदेशक खान सुरक्षा, रायगढ़ क्षेत्र तथा किशोर कुमार दोकुपर्ति, निदेशक खान सुरक्षा, जबलपुर क्षेत्र सहित पश्चिमी एवं उत्तरी अंचल के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आनंद अग्रवाल, बी. बेहेरा, के. विजय कुमार, अर्क सोमयाजुलु धूलिपाला, डॉ. कौशिक सरकार, ने भी सहभागिता की।

किसानों की मांगों पर सरकार तत्काल फैसला करे, आश्वासन अब स्वीकार नहीं

बिलासपुर। किसानों की वर्षों से लंबित समस्याओं और सरकार की नीतियों के विरोध में भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश के आह्वान पर आज प्रदेशभर में किसान आंदोलन के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। जिला मुख्यालयों में किसानों का जमावड़ा हुआ और विभिन्न जिलों 'बलराम किसान न्याय यात्रा' निकालकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय किसान संघ ने कहा है कि आज का आंदोलन केवल ज्ञापन देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों की वर्षों से दबाई जा रही समस्याओं को शासन के सामने निर्णायक रूप से रखने का संघर्ष है।

संघ ने सरकार से सवाल किया है कि 2022-23 की धान खरीदी की किसानों की लगभग 1700 करोड़ की लंबित राशि आखिर कब मिलेगी? किसानों को अपनी ही उपज की राशि के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, यह व्यवस्था किसानों के हित में नहीं हो सकती। संघ ने मांग की है कि लंबित राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। 3358 प्रति क्विंटल की मांग पर सरकार स्पष्ट जवाब दे।किसान संघ ने कहा कि पिछले वर्षों में समर्थन मूल्य में हुई वृद्धि का वास्तविक लाभ किसानों को मिलना चाहिए। संघ ने कहा आज किसान जिला मुख्यालयों पर पहुंच गया है।



सरकार ने इन मांगों को गंभीरता से नहीं लिया और समयबद्ध समाधान नहीं किया तो यह आंदोलन आगे और व्यापक होगा। किसान अब केवल आश्वासन सुनने के लिए तैयार नहीं है। जिला बिलासपुर में आंदोलन के दौरान भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर, गजानन दिग्रस्कर जिला अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष राजू सिंह, माखन श्रीवास, राजेन्द्र मिश्रा, विक्रम सिंह, अनिता पटेल व कुमारी कौशिक, दीपिका लाल, शिवकुमार यादव आदि मौजूद थे।



मुख्य अधिकृत विक्रेता
चन्द्र टीवीएस

महाराणा प्रताप चौक
रायपुर रोड, बिलासपुर
9109119171, 9109119173

सरकण्डा
नूतन चौक बिलासपुर
8962006914,8962006915

उसलापुर
गोकने नाला के पास, बिलासपुर
8982438075

खबर संक्षेप



कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ मार्च, कलेक्टोरेट का घेराव

बिलासपुर। जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वाधान में 'लोकतंत्र बचाओ मार्च' का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक त्रिलोक चंद्र श्रीवास के मार्गदर्शन में बेलतरा और बिलासपुर के सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

कुकुरदी केरा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



पचपेड़ी। ग्राम पंचायत कुकुरदी केरा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में कबड्डी खिलाड़ी और टीमें हिस्सा ले रही हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में करीब 80 से 90 टीमों के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 351 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं विजेता टीम को 15 हजार रुपये, उपविजेता को 10 हजार रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7 हजार रुपये तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राधा खिलावन पटेल शामिल हुए। वहीं जनपद सभापति सरिता नरेंद्र नायक, पचपेड़ी थाना प्रभारी कमला पुसान ठाकुर, सरपंच शत्रुहन पटेल, ग्राम पंचायत के पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शासकीय अग्रसेन कॉलेज में नुक्कड़ नाटक

बिल्हा। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में रासेयो के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना, विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लेना तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाना था। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को प्रदर्शित किया।

निधन

फिरंतिन बाई

बिलासपुर। देवरीखुर्द निवासी



फिरंतिन बाई का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम देवरीखुर्द में किया गया। वे स्व. राजकुमार श्रीवास घोरपुरा मुंगेली की माता थीं।

रवि कुमार यादव

बिलासपुर। टिकरापारा निवासी



रविकुमार यादव का शुक्रवार 8 अक्टूबर को निधन हो गया । वे 41 वर्ष के थे । उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम में किया गया । वे पप्पू यादव के बड़े भाई व राजीव यादव का भतिजा था।

महारथी लाल सोनी

बिलासपुर। करबला जूना



बिलासपुर निवासी महारथी लाल सोनी का स्वर्गवास 8 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को सरकंडा मुक्तिधाम में 10 बजे होगा। वे कामता सोनी, प्रमोद सोनी, एवं प्रवीण सोनी के पिता थे।

सिरगिट्टी को 13 करोड़ के खेल मैदान की सौगात

वर्षों पुरानी मांग को मंजूरी, कौशिक की पहल से मैदान का रास्ता साफ, युवाओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिरगिट्टी और आसपास के क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए वर्षों से चली आ रही खेल मैदान की मांग अब धरातल पर उतरने जा रही है। राज्य सरकार ने सिरगिट्टी में प्रस्तावित खेल मैदान के लिए 13 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति के साथ ही क्षेत्र में लंबे समय से बेहतर खेल अधोसंरचना का इंतजार कर रहे खिलाड़ियों और युवाओं में भारी उत्साह है।

इस पूरी पहल में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के प्रयास, उपमुख्यमंत्री एवं खेल व युवा कल्याण मंत्री अरुण साव की सकारात्मक भूमिका और राज्य सरकार की स्वीकृति मुख्य कड़ी रही। खेल मैदान की मांग को लेकर 'सेकंड इनिंग क्रिकेट कमेटी' लगातार प्रयासरत रही और स्थानीय खिलाड़ियों की आवाज को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन तक पहुंचाया।

क्रिकेट ही नहीं, अन्य खेलों को भी मिलेगा बेहतर मंच

प्रस्तावित खेल परिसर का लाभ केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं रहेगा। सिरगिट्टी और आसपास के क्षेत्रों में बॉल बैडमिंटन सहित अन्य खेलों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। ऐसे में एक सर्वसुविधायुक्त खेल परिसर बनने से विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर मंच उपलब्ध होगा।

युवाओं के भविष्य की मजबूत नींव: मनोज

सेकंड इनिंग क्रिकेट कमेटी से जुड़े भाजपा नेता मनोज दुबे ने 13 करोड़ की स्वीकृति को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि विधायक धरमलाल कौशिक और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयासों से युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिली है। यह सिर्फ एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के भविष्य की मजबूत नींव है। कमेटी के अध्यक्ष मनोज दुबे, प्रवक्ता शीतला प्रसाद त्रिपाठी, उपाध्यक्ष शेखर राव, संदीप रजक, बंटी सोनी, मोंटू महाराज, सरवन वर्मा व पिंटू सहित समस्त खेलप्रेमियों ने इस सौगात के लिए शासन का आभार व्यक्त किया है।

कौशिक से मुलाकात के बाद तेजी से आगे बढ़ी प्रक्रिया

खेल मैदान की आवश्यकता को लेकर सेकंड इनिंग क्रिकेट कमेटी के सदस्यों ने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक कौशिक ने तत्काल उपमुख्यमंत्री अरुण साव से फोन पर चर्चा की और सिरगिट्टी के प्रस्तावित मैदान की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने विषय पर त्वरित सकारात्मक रुख अपनाया, जिसके बाद शासन स्तर पर प्रक्रिया तेज हुई और 13 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

सीपत-बलौदा मार्ग पर उड़ रहे धूल के गुबार

जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर



खमरिया। सीपत-बलौदा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम कुली के रहवासी इन दिनों सड़क की बदहाली और उड़ती धूल के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। सड़क के गड्ढों और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण घरों और दुकानों में रहना दूभर हो गया है।

ग्राम कुली से गुजरने वाले सीपत-बलौदा मार्ग की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। सड़क मरम्मत के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो गई है, जिससे दिनभर गुजरने वाले भारी वाहनों के पहियों से भारी मात्रा में धूल उड़ती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सड़क के ठीक किनारे ही स्कूल स्थित है, जहां पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों को उड़ती धूल के बीच सांस लेने और पढ़ाई करने में भारी कठिनाई हो रही है। स्थानीय निवासी कौशल साहू ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क के पास उनकी दुकान है और धूल उड़ने के कारण उन्हें रोजाना सर्दी, खांसी और सांस संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए उन्हें बार-बार डॉक्टर के पास जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि, यदि संबंधित विभाग द्वारा फिलहाल सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करवा दिया जाए, तो उड़ती धूल से कुछ हद तक राहत मिल सकती है और बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर कम हो सकता है। ग्रामीणों और दुकानदारों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या पर ध्यान देने और सड़क पर पानी छिड़काव की व्यवस्था करने की पुरजोर मांग की है।

कोटवार एसोसिएशन की प्रांतीय बैठक आज रायपुर में

दगोरी। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की प्रांतीय बैठक गुरूवार को कर्मचारी भवन शाप्रा शाला मैदान रायपुर में रखी गई है। तहसील कोटवार संघ बिल्हा के अध्यक्ष फुलदाश मानिकपुरी ने बताया कि बैठक में संघ की ओर से जमीन संबंधी प्रकरण हाईकोर्ट से निरस्त होने पश्चात सुप्रीम कोर्ट जाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि, बैठक में सभी जिलों के प्रतिनिधि तथा संघ के प्रांतीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहेंगे।



बेलतरा को 18 करोड़ 96 लाख के विकास कार्यों की सौगात

बिलासपुर। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के शहरी विकास को गति देते हुए राज्य सरकार ने नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्रमांक 07 के लिए 18 करोड़ 96 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक सुशांत शुक्ला की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत यह राशि जारी की गई है। जोन-07 के लिए स्वीकृत प्रमुख कार्यों में खमतराई रोड में सड़क व नाली निर्माण 4करोड़ 58 लाख माता करमा चौक से मोपका बायपास तक सड़क, नाली व विद्युतीकरण 9 करोड़ 38 लाख तथा चाटीडीह में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण 4करोड़ 99 लाख शामिल हैं। विधायक सुशांत शुक्ला ने इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में आवागमन, जल निकासी और व्यावसायिक अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत निगम बिलासपुर को कुल 38 करोड़ 23 लाख रूपए मिले हैं, जिसमें से अकेले जोन-07 को 18 करोड़ 96 लाख की बड़ी राशि प्राप्त हुई है।

नशे के खिलाफ पुलिस की पहल, 3 पर कार्रवाई

महिलाओं ने थाने पहुंचकर जताया आभार



रतनपुर। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रतनपुर पुलिस ने ग्राम मोहतरई में विशेष जनजागरूकता शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। पुलिस ने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

जनजागरूकता अभियान के दौरान पुलिस ने क्षेत्र में बदमाशी और अशांति फैलाने वाले तीन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।

महिलाओं ने थाने पहुंचकर जताया आभार-नशे के खिलाफ पुलिस की पहल से प्रभावित ग्राम मोहतरई की महिलाओं ने रतनपुर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी नीलेश कुमार पांडे से मुलाकात की। महिलाओं ने नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाने और असामाजिक गतिविधियों पर तत्परता से कार्रवाई करने के लिए पुलिस का आभार जताया। महिलाओं ने कहा कि नशे के कारण परिवार और समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई और जागरूकता अभियान सराहनीय है। उन्होंने भविष्य में भी नशे के खिलाफ पुलिस का सहयोग करने तथा ग्रामीणों को जागरूक करने की बात कही। रतनपुर पुलिस की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में यह संदेश गया है कि नशे के खिलाफ केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से जागरूकता भी जरूरी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में नशाखोरी, बदमाशी और अन्य असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



अग्रसेन जयंती पर महिला क्रिकेट और बॉलीवुड क्विज़ का आयोजन

बिल्हा। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

'अग्रसेन महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग' में खिलाड़ियों ने चौके-छक्कों की मदद से रोमांचक खेल दिखाया। प्रतियोगिता में कविता बंसल, मिस्टी अग्रवाल व टीम ने प्रथम तथा मधुलिका गुप्ता, संगीता अग्रवाल व टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में रजनी बंसल, ममता मित्तल, मनीष अग्रवाल व कविता बंसल का योगदान रहा। वहीं 'बॉलीवुड क्विज़' में वंशिका अग्रवाल व पूनम प्रथम और नेहा अग्रवाल व वंदना तायल द्वितीय स्थान पर रहीं। इसमें उमा केड़िया, निधि गोयल व जानवी बिंदल निर्णायक रहीं, जबकि आयोजन सीमा बिंदल, ज्योति मित्तल, रसना केडिया व सुरभि अग्रवाल ने संभाला। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अग्रजन उपस्थित रहे।

मिनी आरा मशीन जब्त, डेढ़ लाख की अवैध लकड़ी बरामद



कोटा/बिलासपुर। मुख्य वन संरक्षक मनोज पांडेय एवं वनमंडलाधिकारी नीरज के निर्देश पर वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम लमकेना में दबिश देकर अवैध लकड़ी का कारोबार पकड़ा है।

उपवनमंडल अधिकारी अनिल भास्करन के मार्गदर्शन एवं कोटा वन परिक्षेत्र अधिकारी नितिन लहरे के नेतृत्व में टीम ने आरोपी सुरेश खांडे के मकान व बाड़ी में सर्च वारंट के तहत कार्रवाई की। मौके से 1 मिनी आरा मशीन, 1 इलेक्ट्रिक चैन सॉ, 1 रमदा मशीन व बढ़ईगिरी सामग्री सहित 1.024 घनमीटर सागौन, साल व मिश्रित चिरान जब्त किया गया। जब्त वनोपज व उपकरणों का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये आंका गया है।जब्त सामग्री को सेल डिपो कोटा भेज दिया गया है। कार्रवाई से पूर्व ही आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। वन विभाग ने भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

अम्बेडकर की प्रतिमा के अपमान से सतनाम महासंघ नाराज

तखतपुर। भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अपमान करने से नाराज सतनाम महासंघ ने इस घटना की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रशांत कुमार ने कहा कि, लाखासार मोड़ पर स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ जिस प्रकार अपमानजनक कृत्य करने की जानकारी सामने आई है, वह बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। हम प्रशासन से स्पष्ट मांग करते हैं कि घटना की तत्काल निष्पक्ष जांच हो, दोषी की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ तखतपुर विधानसभा इंजी. प्रशांत कुमार, संजीव खांडे, हेमचंद्र मिरी, बिहरी टोडर, अखिलेश कोशल, सुरेन्द्र सूर्यवंशी, जगदीश यादव, प्रवीण कौशिक, नरेंद्र दिनकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

प्रदोष व्रत व मासिक शिवरात्रि पर धार्मिक अनुष्ठान विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न



सकरी/बिलासपुर। सकरी क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध गाँव हाँफा स्थित सिद्ध बघर्रा पाठ महाराज नृसिंह नाथ मंदिर में प्रदोष व्रत और मासिक शिवरात्रि के पावन संयोग पर एक दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में प्रभु श्री राम और देवाधिदेव महादेव की भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य धनेश उपाध्याय द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, जलार्पण और भगवान नृसिंह के मनमोहक श्रृंगार के साथ हुआ। इसके पश्चात संगीतमय मानस मंडली द्वारा श्री रामचरितमानस पाठ का सस्वर गायन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। संध्या काल में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष महाआरती उतारी गई। मंदिर के आचार्य ने बताया कि यह मंदिर न केवल भगवान नृसिंह की आराधना का केंद्र है, बल्कि यहाँ प्रत्येक शुभ तिथि पर 'हरि' (विष्णु) और 'हर' (शिव) की संयुक्त उपासना की प्राचीन परंपरा रही है। अनुष्ठान का समापन महाआरती और विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

जनपद अध्यक्ष ने किया प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण



बिल्हा। जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. रामकुमार कौशिक ने संकुल केंद्र कन्या बिल्हा के अंतर्गत संचालित जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने बचपन के संस्मरण साझा किए। डॉ. कौशिक ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं कथनों से प्रेरणा लेने, नियमित अध्ययन करने, प्रतिदिन स्वच्छ वातावरण में शाला आने, जल संरक्षण करने तथा पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया। अध्यक्ष ने शाला में विगत छह वर्षों से निरंतर संचालित 'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' योजना के तहत सितंबर माह का पुरस्कार विद्यार्थियों को प्रदान किया। पुरस्कृत होने वालों में कक्षा पहली की नायरा भारद्वाज, कक्षा दूसरी की पलक नेताम, कक्षा तीसरी की स्वाति गेंदले, कक्षा चौथी की पलक ध्रुव एवं कक्षा पांचवी की खुशी लहरे शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह क्षत्रिय एवं उमाशंकर कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाला परिवार की ओर से प्रधान पाठक साधाराम मरकाम, शिक्षक पुनीराम साहू, कलेश्वर साहू, श्वेता केशरी तथा नीलम सूर्यवंशी की उपस्थिति में कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

सकरी जोन के चारों वार्ड में विकास को नई गति मिलेगी- धर्मजीत

तखतपुर विस ननि क्षेत्र के लिए 5.74 करोड़ की स्वीकृति



सकरी। तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह की मांग पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तखतपुर विधानसभा के नगर निगम क्षेत्र के सकरी जोन के चार वार्डों के लिए 5 करोड़ 74 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी है। ज सिमें वार्ड क्रमांक 1 में श्मशान घाट उन्नयन, सौंदर्यीकरण एवं उद्यान में स्वामी विवेकानंद मूर्ति स्थापना एवं पेडस्टल निर्माण के लिए 75 लाख, वार्ड क्रमांक 2 अब्दुल कलाम नगर में विभिन्न कालोनियों में सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण के लिए 80 लाख, वार्ड क्रमांक 3 उसलापुर अमेरी में 1 करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, साईं नगर, प्रकृति विहार, काटीखार, आनंद नगर, अम्बेडकर नगर में विभिन्न सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण, शेड के लिए 2 करोड़ 49 लाख, एवं वार्ड क्रमांक 4 घुरू, गोकुलनगर, सिद्धिविनायक, महादेव नगर में विभिन्न सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए 70 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

विकासकार्यों की स्वीकृति पर विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, जनभावनाओं और क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मैने इन विकासकार्यों की मांग की थी इनकी स्वीकृति से सकरी जोन के चारों वार्ड में विकास को नई गति मिलेगी, अधोसंरचना मजबूत होगी और नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का बेहतर लाभ मिलेगा तखतपुर विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए आगे भी मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
समंस
क्रमांक/क/अति.तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 18/09/2026

एतद् द्वारा श्री रामकुमार, राजकुमार दोनों पिता स्व. समेलाल निवासी ग्राम घूमा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मौजा घूमा, म.नं. 01, प.ह.नं. 45, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 203/2 रकबा 0.0400 हेक्टेयर भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत नामांतरण हेतु आवेदक श्री श्याम भरोस पिता स्व. रामभरोसे उम्र 70 वर्ष निवासी- ग्राम घूमा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 28.10.2026 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 28.10.2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 18.09.2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// **ईश्तहार** //
रा.प्र.क्र...../2025-26
ग्राम-उसलापुर, प.ह.नं-60,
तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती सफुरा सोनवानी पति श्री बाबूलाल सोनवानी निवासी मकान नंबर 307, कॉटीखार, साई नगर उसलापुर तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) की मूल निवासी है। यह कि आवेदिका के सभी दस्तावेजों में नाम जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड में नाम पूर्णतः सफुरा सोनवानी ही दर्ज है। आवेदिका पति के शासकीय सेवा अभिलेख (सर्विस रिकॉर्ड) में लिपिकीय त्रुटिवश आवेदिका का नाम सफूरा देवी सोनवानी दर्ज हो गया है।

आवेदिका द्वारा उक्त सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज नाम सफूरा देवी सोनवानी को सुधार कर सही नाम सफुरा सोनवानी दर्ज कराने हेतु संलग्न दस्तावेजों के आधार पर नाम सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16.10.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 01-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

न्यायालय तहसीलदार बेलतरा,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना/समंस
क्र./ / तह./रीडर/2026
बेलतरा, दिनांक 28.09.2026

प्रति,
1. श्री सुमरेतन नाई पुत्री अमोली 2. निरमला पुत्री अमोली 3. अघतन वल्द अमोला 4. लेदी पिता भैरो पता: ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर

विषय:-न्यायालयीन प्रकरण में उपस्थित होने की सूचना बाबत।

संदर्भ:- इस न्यायालय का प्रकरण क्रमांक / 2026050758000032/अ-6 अ

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक रामलीला मण्डली डगनिया द्वारा सतीश शर्मा पिता स्व हरबंश प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा द्वारा मौजा ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा स्थित भूमि ख.नं. 615, 1262, 1282 रकबा 0.040, 0.045, 0.209 है.को रामलीला मण्डली ग्राम डगनिया के नाम पर दर्ज किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में गुणदोष के आधार पर निराकरण हेतु आपकी उपस्थिति अनिवार्य है, जिसमें **सुनवाई दिनांक 13.10.2026 को नियत है।**

अतः आप दिनांक 13.10.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब / अपना पक्ष लिखित / मौखिक में रख सकते हैं, उक्त दिनांक को यदि आप अनुपस्थित रहें तो आपकी मौन स्वीकृति मानते हुए आप सभी के विरूद्ध एकपक्षकीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 28.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी।

तहसीलदार
बेलतरा

न्यायालय तहसीलदार बेलतरा,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना/समंस
क्र./ / तह./रीडर/2026
बेलतरा, दिनांक 28.09.2026

प्रति,
श्री सुखदास पिता मानिकपुरी
पता: ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा
जिला बिलासपुर

विषय:-न्यायालयीन प्रकरण में उपस्थित होने की सूचना बाबत।

संदर्भ:- इस न्यायालय का प्रकरण क्रमांक / 2026090758000095/अ-6 अ

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक दुखीराम पिता निरधीन निवासी ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा द्वारा ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा स्थित भूमि ख.नं. 2108 रकबा 0.320 है. का अभिलेख सुधार कर स्वयं के नाम पर दर्ज किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। चूंकि उक्त आवेदित भूमि ख.नं. 2108 रकबा 0.320 है. आपके नाम पर दर्ज है। उक्त प्रकरण में गुणदोष के आधार पर निराकरण हेतु आपकी उपस्थिति अनिवार्य है, जिसमें **सुनवाई दिनांक 13.10.2026 को नियत है।**

अतः आप दिनांक 13.10.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब/अपना पक्ष लिखित/मौखिक में रख सकते हैं, उक्त दिनांक को यदि आप अनुपस्थित रहें तो आपकी मौन स्वीकृति मानते हुए आप सभी के विरूद्ध एकपक्षकीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 28.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी।

तहसीलदार
बेलतरा

हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

प्रतियोगिता में फुलवारी भजन मंडली प्रथम



बिलासपुर। सेवा भारती के तत्वावधान श्रीराम मंदिर तिलकनगर में आयोजित महिला भजन मंडली प्रतियोगिता में 40 मंडलियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पार्वती शर्मा फुलवारी भजन मंडली प्रथम, विद्या राठौर मां दुर्गा भजन मंडली द्वितीय, अहिल्या शर्मा जय मां दुर्गा भजन मंडली को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल की माताजी और उनकी पत्नी ने उत्साह से भजन प्रतियोगिता का आनंद लिया। निर्णायक की भूमिका में चंपा भट्टाचार्य, सुषमा तिवारी, राहुल सोनी, अर्पिता चटर्जी, डॉ विजय राजपूत रहे। इस मौके पर सेवा भारती के उपाध्यक्ष छेदू सिंह, सचिव भास्कर वर्तक, सहसचिव लता गुप्ता, सुरेन्द्र गुम्बर, उनकी पत्नी सहित संस्था के सभी सदस्य उपस्थित थे।

रक्तदान

सीएमडी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया 36 यूनिट रक्तदान



बिलासपुर। सीएमडी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया। लगभग 36 यूनिट रक्त छात्र-छात्राओं के द्वारा दान किया गया। इस उद्देश्य के साथ अगर किसी को रक्त की आवश्यकता होती है तो उसे रक्त ढूंढने में एवं लेने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसके लिए महाविद्यालय सदैव सजक रहा है। उक्त अवसर पर शासकीय निकाय के सामान्य सदस्य अमन दुबे एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर अमन दुबे ने कहा कि अगर किसी को भी रक्त की आवश्यकता होती है तो महाविद्यालय में आकर अभिषेक सिदार ,सुनीता असाटी, रोहित लहरे इत्यादि से संपर्क कर सकते हैं। शासकीय निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि हमारे शरीर में आधा लीटर ब्लड अतिरिक्त रहता है जो की हमारे शरीर में पड़े रहता है जिसका कोई कार्य नहीं होता है। अतः इस रक्त को दान किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ एस पावनी, डॉक्टर यशस्वी मिश्रा, डॉक्टर प्याली दत्त, डॉक्टर सुनेला चटर्जी आदि उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र अमन दुबे द्वारा दिया गया।

शिविर

क्षमादान से होता है आत्मा का उद्धार : मंजू



बिलासपुर। पितृ पक्ष पूर्वजों को याद करने के साथ अपने व्यवहार और संस्कारों को देखने का अवसर भी है। माता-पिता और घर के बुजुर्गों के साथ किया गया गलत व्यवहार ही वास्तविक अर्थों में पितृ दोष का कारण बनता है। पूर्वज कभी अपने बच्चों को श्राप नहीं देते। हमारे कर्मों का फल ही हमारे सम्मुख आता है।

ये बातें ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में पितृ पक्ष एवं श्राद्ध के आध्यात्मिक रहस्य पर आयोजित विशेष क्लास में कही। उन्होंने कहा कि जीते जी माता-पिता और बड़ों का सम्मान, उनसे प्रेम से बात करना, उनके पास समय बिताना और उनकी सेवा करना ही सच्चा श्राद्ध है। मृत्यु के बाद बड़े अनुष्ठान करने से अधिक जरूरी है कि जीवन रहते ही उन्हें सम्मान और स्नेह दिया जाए। गलती हुई हो तो क्षमा मांगें, दूसरों को भी क्षमा करें। उन्होंने सभी को मास्टर क्षमा का सागर बनने का अभ्यास कराया और समझाया कि क्षमा करने से मन पुराने हिसाब-किताब और कड़वाहट से मुक्त होता है तथा आत्मा हल्केपन का अनुभव करता है। स्वयं को श्रेष्ठ और पूर्वज आत्मा समझकर हर परिस्थिति में दुआएं देने का भाव रखें। कोई विरोध करे, आलोचना करे या ईर्ष्या रखे, फिर भी उसके प्रति शुभभावना बनाए रखें।

आयोजन

एकता ही समाज की असली ताकत : यादव



बिलासपुर। श्रीकृष्णाधाम यादव भवन ईमलीपारा में गत दिनों जिला देशहा यादव समाज की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला देशहा यादव समाज के संचालन समिति सदस्य विष्णु यादव ने कहा कि किसी समाज की विकास के लिए उस समाज में एकता का होना जरुरी है। एकता ही समाज की असली ताकत होती है।।

संचालन समिति के सदस्य रामचंद्र यादव ने कहा कि समाज में किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर अंतिम संस्कार के लिए दिए जाने वाले कपड़े के स्थान पर एक न्यूनतम राशि श्रद्धांजलि स्वरूप घर के सदस्य को प्रदान किया जाए ताकि वह कुछ काम आ सके। मृत्यु भोज में आडम्बर बंद कर सामान्य भोजन प्रसाद दिया जाए। संचालन समिति के सदस्य धन्नू, जसवंत यादव, अध्यक्ष टीकाराम यादव ने भी अपने विचार रखे। वहीं प्रियंका यादव को जिलाध्यक्ष भगवती यादव को नगर अध्यक्ष, सपना यादव को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी शीला यादव, सरिता यादव, ममता यादव को दी गई। इस अवसर पर महासचिव विजय यादव, कोषाध्यक्ष रामलाल यादव, सदस्य भागीरथी, अमित, रामकुमार, बीरस, नंदकिशोर, अभिलेश, गौरीशंकर, सुखनंदन, अभिमन्यू, रामप्रसाद, राजकुमार यादव उपस्थित थे।

इनडोर और आउटडोर पौधों की सर्दियों से पहले बढ़ने लगी पूछ-परख

सर्द मौसम की आहट के साथ नर्सरी पहुंचने लगे प्राकृति प्रेमी, घरों में बिखरेगी हरियाली

बिलासपुर। बागवानी के शौकीनों ने सर्दी की शुरुआत के साथ ही अपनी बालकनी व बगीचों को हरा-भरा और रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध बिखेरने के लिए तैयारी शुरू की है। इसके लिए नर्सरियों का रुख भी प्रकृति प्रेमी करने लगे हैं। सर्दी का मौसम शुरू होने से गार्डनिंग का शौक रखने वाले इनडोर और आउटडोर दोनों तरह के पौधों की रोपाई और रख-रखाव के लिए अनुकूल मौसम के बीच इस सीजन में विशेष रूप से सर्दियों में खिलने वाले फूलों, सजावटी पौधों और सदाबहार इनडोर वैरायटी की तलाश कर रहे हैं। इसके चलते सर्दी के इस सीजन में लोग आसपास के नर्सरी संचालकों के पास ऐसे पौधों की तलाश करने पहुंच रहे हैं। जिन पौधों को सर्दियों में ही रोपने पर पौधों को अनुकूल वातावरण मिलता है। 50 से 500 रूपए में प्रति पौधे को खरीदने के साथ नर्सरी संचालकों से सलाह लेने भी पहुंच रहे हैं।







आउटडोर और मौसमी फूलों वाले पौधे खास

सर्दियों में धूप सुहानी होती है, इसलिए बगीचे और बालकनी को रंगीन लुक देने के लिए आउटडोर पौधों की सबसे ज्यादा मांग है। इनमें गेंदा और हिबिस्कस (गुड़हल) को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। मिट्टी और मौसम के लिए सबसे भरोसेमंद व पारंपरिक विकल्प के रूप में लिया जा रहा है। नर्सरियों में कैलेंडुला और विंटर जैस्मिन जैसे फूलों की मांग बढ़ गई है। क्रिसमस ट्री सर्दियों और त्योहारों के मद्देनजर एवरग्रीन आउटडोर और इनडोर स्पेस सजाने के लिए इसे काफी पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा रात रानी की धीमी खुशबू सर्द रातों को महकाने के लिए बागबानों प्रेमियों द्वारा ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

इनडोर और कम धूप वाले पौधों की डिमांड

सर्दियों में घर के अंदर के वातावरण को शुद्ध और जीवंत रखने के लिए लोग इनडोर पौधों को सहेज रहे हैं। ड्रेसीना और रबर प्लांट को लोग कम धूप और कम रोशनी वाले कोनों के लिए बेहतरीन इनडोर विकल्प मानते हैं, जो सर्दियों में भी पनपते हैं। स्पाइडर प्लांट से घर की हवा को साफ रखने और बहुत तेजी से बढ़ने के कारण इसे इनडोर और सेमी-शेड दोनों जगहों पर लगाना पसंद करते हैं। बोनसाई में आजकल बजट के अनुकूल और कई साल पुराने लैंडस्केप बोनसाई का क्रेज भी बागबानी प्रेमियों के बीच तेजी से बढ़ा है। खरीदने के लिए आने वालों में हर वर्ग के लोग शामिल हैं।

सर्दियों के लिए देते हैं विशेष सलाह

स्थानीय नर्सरी मालिकों ने बताया कि पौधों को सर्दियों में रोपने के लिए किस तरह मिट्टी तैयार की जाए, इसकी जानकारी भी कई लोग लेते हैं। आने वाले लोगों को बताते हैं कि मिट्टी तैयार करते समय गोबर खाद या वर्मीकम्पोस्ट का सही मिश्रण मिलाना जरूरी है। इनडोर पौधों को इस मौसम में बहुत कम पानी दें और आउटडोर पौधों को ऐसी जगह रखें, जहां उन्हें दिन में 4-5 घंटे की अच्छी धूप मिल सके।

श्रद्धा महिला मंडल के शिविर 104 महिलाओं की जांच

श्रद्धा महिला मंडल द्वारा एसईसीएल के सौजन्य से आज वसंत विहार स्थित एसईसीएल की पिंक डिस्पेंसरी में महिला संविदा कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसईसीएल में कार्यरत 104 महिला संविदा कर्मियों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



बिलासपुर। शिविर के दौरान महिलाओं का फुल बॉडी हेल्थ चेकअप किया गया, जिसमें लिवर एवं किडनी फंक्शन टेस्ट, सीबीसी सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गईं। इसके अतिरिक्त महिलाओं की आंखों की भी जांच की गई।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत आवश्यकतानुसार महिलाओं को दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, जिन महिलाओं को दृष्टिदोष के कारण चश्मे की आवश्यकता होगी, उन्हें चश्मे बनवाकर प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत एसईसीएल की चिकित्सक डॉ. पारुली साहू द्वारा स्त्री रोग चिकित्सा एवं परामर्श पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को स्त्री रोगों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी की स्थिति में समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन ने कहा कि "महिला संविदा कर्मी एसईसीएल परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और कंपनी के कार्यों में उनका योगदान सराहनीय है। परिवार और कार्यस्थल की जिम्मेदारियों के बीच महिलाओं का अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। श्रद्धा महिला मंडल महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है।"

नवरात्रि के उपलक्ष्य में महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप एवं बर्तनों का सेट भेंट

कार्यक्रम के दौरान नवरात्रि के पावन अवसर के उपलक्ष्य में सभी 104 महिला संविदा कर्मियों को श्रद्धा महिला मंडल की ओर से इंडक्शन कुक टॉप एवं इंडक्शन पर उपयोग किए जाने वाले बर्तनों का सेट भेंट किया गया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को उनके घरेलू कार्यों में उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराने के साथ उनके योगदान के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्ष हसीना कुमार एवं विनीता जैन भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिला संविदा कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल की वसंत विहार डिस्पेंसरी कोल इंडिया की पहली पिंक डिस्पेंसरी है। श्रद्धा महिला मंडल द्वारा समय-समय पर महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में आयोजित यह शिविर महिला संविदा कर्मियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

सदाबहार गीतों की यादों के साथ अंताक्षरी में सजी संगीत की महफिल



बिलासपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी मे गुरूवार रायपुर रोड, तिफरा स्थित ग्रैण्ड लोटस में अंताक्षरी में पुराने गीतों की धुन पर सजेगी संगीत की महफिल सजी।

तीन सदस्यों की एक टीम में सदयो के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं था। जिससे नए और पुराने दौर के गीतों के साथ अंताक्षरी प्रतियोगिता में जहा संगीत की महफिल सजी। वही जीतने प्रतिभागी एक दूसरे को टक्कर देते रहे। जिससे देर शाम ता संगीतमय माहोल बना रहा। नए पुराने सदाबहार गीतों की यादों को ताजा करने और संगीत प्रेमियों को मनोरंजन का अवसर देने के लिए अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति की ओर से अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी नये और पुराने हिंदी फिल्मी गीतों की मधुर धुनों के साथ प्रतियोगिता में मनोरंजन और उत्साह का माहौल देखने को मिला और गीतों को पहचान कर गेम जीतने की कोशिश सभी में उत्साह का रंग भरती रही। आयोजकों ने बताया कि अंताक्षरी प्रतियोगिता में तीन सदस्यों की एक टीम बनाई जाएगी। प्रत्येक टीम को अंताक्षरी के नियमों के अनुसार गीत प्रस्तुत करने और धुन सुन कर पहचानने की चुनौती रही। एक टीम द्वारा गाए गए गीत के अंतिम अक्षर से दूसरी टीम को गीत शुरू करना होगा। टीम की ओर से गीतों की जानकारी, स्मरणशक्ति और गायन क्षमता के आधार पर अपनी टीम को आगे बढ़ाने का प्रयास करते रहे प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें शामिल होने के लिए किसी प्रकार की आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। बच्चे, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन सभी इसमें तीन सदायो वाली टीम का हिस्सा बन भाग लिया। जिससे हर पीढ़ियों के गीतों के माध्यम से एक-दूसरे से जोड़ने का प्रयास किया गया। प्रायोजक गौरव अग्रवाल, मनीष केडिया, अशोक गोयल, शैलेष अग्रवाल, अरूण अग्रवाल , पंकज अग्रवाल, सुनील-अनिल अग्रवाल, राजेश बिंदल, डॉ. आकाश गर्ग थे। आयोजक सीए अंकित अग्रवाल, सीए अर्जुन अग्रवाल, शुभम अग्रवाल सीए मोहित जाजोदिया, सीए अमन अग्रवाल, किसलय जाजोदिया, सीए पंकज जाजोदिया, वेदांत जाजोदिया थे। इस अवसर पर मंगतराय अग्रवाल, परसराम अग्रवाल, भोलाराम मित्तल, सुनील सोंथालिया,ओम मोदी, राजुल जाजोदिया, आशीष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, महेश अग्रवाल विनीत मित्तल और चंदन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

- अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस पर सिम्स में जागरूकता कार्यक्रम



बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस के अवसर पर शासकीय नर्सिंग महाविद्याय में अध्ययनरत एमएससी नर्सिंग की छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही महिलाओं को भ्रांतियों से दूर रहने तथा प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थानों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों से परामर्श लेने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि सुरक्षित गर्भपात के संबंध में सही और वैज्ञानिक जानकारी महिलाओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद जरूरी है। जागरूकता के माध्यम से गर्भपात से जुड़ी गलत धारणाओं को दूर किया जा सकता है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने कहा कि महिलाओं को किसी भी स्वास्थ्य समस्या में देरी किए बिना योग्य चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता रमन जोगी ने कहा कि सुरक्षित गर्भपात के लिए सही समय पर चिकित्सकीय सलाह और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी की देखरेख आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से किसी भी प्रकार के असुरक्षित उपाय से बचने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वर्तिका गौरहा के मार्गदर्शन में किया गया। ओबीजी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती सलमा खान, प्रदर्शक श्रीमती रेश्मा एक्का तथा एम.एससी. नर्सिंग की छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

स्पोर्ट्स न्यूज

डीपीएस की छात्रा शान्वी ने राष्ट्रीय फिन्स तैराकी में जीता स्वर्ण पदक

बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर की कक्षा पांचवीं की छात्रा शान्वी शिवन्या बैहरा ने राष्ट्रीय फिन्स तैराकी में स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यालयीन परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

खेल विभाग प्रमुख एवं शान्वी के कोच मनोज कश्यप ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे शहर में बालेवाडी स्टेडियम में छठवीं राष्ट्रीय फिन्स तैराकी प्रतियोगिता विगत 29 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच आयोजित हुई थी। जिसमें भारत के विभिन्न प्रदेश उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, वेस्ट बंगाल, महाराष्ट्र, त्रिपुरा हरियाणा, गोवा, आंध्र प्रदेश, इंडियन आर्मी कॉन्टिनेंट, उड़ीसा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं डीपीएस बिलासपुर की 6 तैराकों ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता निभाई। इन प्रतिभागियों में शान्वी शिवन्या बैहरा, प्रिषा शुक्ला, विवान मिश्रा, प्रैशरय शुक्ला, क्षतेश ठक्कर, ईशान ठक्कर शामिल रहे। इसमें शान्वी शिवन्या बैहरा ने 50 मी. अपनीआ में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय फिन्स तैराकी प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। शान्वी ने डीपीएस बिलासपुर के साथ छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। शान्वी की इस उपलब्धि पर डीपीएस बिलासपुर के प्राचार्य जसपाल सिंग मथ, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, राजनारायण सिरमौर, निरूपा विश्वास, अनुपम वर्मा, पवन दुबे सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाइयां दी है।

- विद्यालयीन परिवार ने दी शुभकामनाएं



बिलासपुर और दुर्ग का दबदबा 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में संभागों का शानदार प्रदर्शन





26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन स्व बी आर यादव खेल परिसर में किया जा रहा है,जिसमें मैदान पर विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।दूसरे दिन के मुकाबलों में मुख्यतः बिलासपुर और दुर्ग संभाग का एकतरफा दबदबा देखने को मिला, जबकि तीरंदाजी में रायपुर संभाग ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। ओवरऑल बादशाहतः बिलासपुर सबसे आगे, दुर्ग दूसरे नंबर पर समग्र परिणामों के विश्लेषण के आधार पर बिलासपुर संभाग प्रतियोगिता में अपनी बादशाहत कायम कर रहा है।

प्रथम स्थान बिलासपुर संभाग तीरंदाजी की 4 श्रेणियों में से 2 में पहला स्थान और 2 में दूसरा स्थान हासिल कर बिलासपुर ने बढ़त बनाई है। साथ ही कबड्डी और हॉकी के बालक वर्ग में विशाल अंतर से दर्ज की गई जीतों ने बिलासपुर को ओवरऑल अंक तालिका में सबसे ऊपर रखा है। हॉकी बालिका वर्ग में लगातार 7-0 की दो बड़ी जीतों, कबड्डी में अजेय प्रदर्शन और तीरंदाजी में स्वर्ण पदक के साथ दुर्ग संभाग बिलासपुर को कड़ी टक्कर देते हुए दूसरे स्थान पर मजबूती से डटा हुआ है।

हॉकी में बिलासपुर और दुर्ग संभाग का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा

बिलासपुर ने रायपुर को 10-0 और सरगुजा ने बस्तर को 11-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। वहीं, दुर्ग ने बिलासपुर को 6-1 के बड़े अंतर से मात दी। बालिका वर्ग में दुर्ग संभाग का पूरी तरह से दबदबा रहा, जिसने बिलासपुर और सरगुजा दोनों को समान 7-0 के बड़े अंतर से शिकस्त दी। बिलासपुर ने भी बस्तर को एक रोमांचक मैच में 3-2 से हराया। कबड्डी के मैट पर बिलासपुर और दुर्ग संभाग ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। बिलासपुर ने बस्तर को और रायपुर को बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत हासिल की। दुर्ग ने भी सरगुजा को और बस्तर को के अंतर से हराकर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। तीरंदाजी में बिलासपुर संभाग ने सबसे अधिक शीर्ष स्थान हासिल किए, जबकि रायपुर संभाग ने भी कई पदक अपने नाम किए।

खबर संक्षेप

आलू प्याज वाले से नकद, मोबाइल चोरी

बिलासपुर। आलू प्याज वाले के चबूतरे से नकद रकम व मोबाइल चोरी हो गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी रामप्रताप गुप्ता तिफरा बाजार चौक चबूतरा में आलू प्याज बेचते हैं। 7 अक्टूबर की रात 10.30 बजे चबूतरा में बैग में 15 हजार रुपए नकद, मोबाइल रखकर दुकान का सामान समेट रहे थे। सामान समेटने के बाद उन्होंने देखा तो बैग चोरी हो गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

समिति अध्यक्ष से तीन युवकों ने की मारपीट

बिलासपुर। समिति के अध्यक्ष से कालोनी में किराए से रहने वाले युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, रामा लाइफ सिटी निवासी व्यावसायी अजय अरोरा पिता स्व. करमचंद अरोरा कालोनी में सोसायटी मेन्टेनेस सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं। 7 अक्टूबर की रात्रि 10.30 बजे वे खाना खाकर टहल रहे थे। इसी दौरान मकान नम्बर आर 7 के सामने वहां रहने वाले 3 किराएदार युवक उनके पास आकर पुरानी बात पर सोसाइटी में नेतागिरी करते हो कहकर बहस करने लगे, इसी दौरान गाली गलौज करते हुए एक युवक मारपीट करने लगा। जिससे वे गिर गए, उन्हें देखकर भटनागर परिवार के सदस्यों ने बीच बचाव किया और उन्हें उठाया। तीनों युवक उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। श्री अरोरा थाने जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

नाबालिग को भगाकर अनाचार, गिरफ्तार

बिलासपुर। नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। पुलिस ने पतासाजी कर रायपुर में दबिश देकर नाबालिग को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया, रायपुर निवासी ठाकुर राम रात्रे पिता स्व. समेदास रात्रे 22 साल बहला फुसलाकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137, 2, 87, 64, 2, 4, 6 पाक्सों एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

ब्लिंकिट में फूड का छापा आटा और मैगी जब्त

बिलासपुर। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सरकंडा स्थित ब्लिंकिट स्टोर का निरीक्षण किया और आर्शीवाद आटा, मैगी आटा नूडल्स का सैंपल जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया व मीडिया से मिल रही जानकारी के बाद गुरूवार को सरकंडा अशोक नगर स्थित ब्लिंकिट स्टोर में छापा मारा। इस दौरान स्टोर में साफ सफाई और स्टॉक की जांच की। साथ ही मिल रही शिकायतों के बाद आर्शीवाद आटा, मैगी आटा नूडल्स का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही स्टोर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान अभिहित अधिकारी आरआर देवांगन,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अविषा मरावी, प्रतीक तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

दशहरा पूर्व मेंटनेंस में जुटा बिजली विभाग — **सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक रही बिजली ठप**

4 घंटे बिजली बंद, उपभोक्ता हलाकान, टार्च की रोशनी में मरीजों को मिला इलाज

बिलासपुर। बिजली बंद शहर के लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। गोल बाजार, सरजू बगीचा, मसानगंज, सिम्स चौक, जेल चौक, बृहस्पति बाजार, गोंड़पारा जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही।

इस दौरान सिम्स में भी 4 घंटे से अधिक देर तक बिजली ठप रहने के कारण डाक्टरों ने टार्च की रोशनी में मरीजों का इलाज किया। वहीं आम उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। बिजली विभाग लोगों की सहूलियत को ही दरकिनार कर चुका है, जहां त्योहार आते ही घरों में काम बढ़ जाता है, वहीं बाजारों में हलचल बढ़ जाती है, लेकिन बिजली विभाग ठीक इस समय पर शेड्यूल मेंटनेंस में जुट चुका है। यही कारण है कि गुरूवार को सदर बाजार और गोल बाजार फीडर से सप्लाई ठप रही। इस दौरान सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक बिजली बंद रहने के कारण आम उपभोक्ताओं का जीना मुहाल हो गया, वहीं सबसे ज्यादा असुविधा सिम्स में देखने को मिली। ओपीडी समय 9 से 2 बजे तक रहता है, जहां मरीजों का इलाज किया जाता है, लेकिन इस दौरान बिजली बंद होने पर डाक्टरों ने टार्च की रोशनी में मरीजों का इलाज किया हालांकि इमरजेंसी और आपरेशन थिएटर तक जनरेटर की सप्लाई रही लेकिन वार्डों में अंधेरा छाया रहा, ऐसे में मरीजों के साथ ही डाक्टर और स्टाफ को भी समस्या का सामना करना पड़ा है।



मोबाइल और टार्च की रोशनी से काम करते सिम्स के कर्मचारी।



मोबाइल की रोशनी से मरीजों का हुआ इलाज।

आज यहां रहेगी बिजली बंद

पीजीबीटी सबस्टेशन से निकलने वाली सप्लाई शुक्रवार को ठप रहेगी। सुबह 11 से दोपहर 3.30 बजे तक इंदिरा गांधी चौक, तारबहार, यादव मोहल्ला, करबला रोड, शांति लॉज, ज्वाली नाला, वीआईपी कालोनी, पुराना बस स्टैंड, कश्यप कालोनी, गोलबाजार, लिंक रोड सहित अन्य स्थानों में सप्लाई बंद रहेगी।

32 लाख रूपए दिए फिर भी सोलर नहीं

खास बात यह है कि सिम्स प्रबंधन ने पूरे परिसर को सोलर से जोड़ने का प्रयास किया है, प्रबंधन ने क्रेडा विभाग विभाग के प्रस्ताव पर 32 लाख रूपए दे चुका है,लेकिन टेंडर प्रक्रिया में उलझे क्रेडा विभाग द्वारा अबतक सोलर सिस्टम को शुरू नहीं कराया जा सका है, ऐसे में बिजली बंद होते ही मरीजों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है।

कुछ हिस्से को बंद करना पड़ता है

हमारे ज्यादातर हिस्सों में जनरेटर की सप्लाई है, लेकिन अधिक देर तक बिजली बंद होने पर कुछ हिस्से को बंद करना पड़ जाता है, इमरजेंसी और आपरेशन थिएटर में पूरी सप्लाई है। कुछ ओपीडी और वार्ड में अलग से सप्लाई दी जाएगी। सोलर सिस्टम के लिए क्रेडा को भुगतान किया जा चुका है लेकिन अबतक उपकरण नहीं लगाए गए हैं।

-**डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

बंद की गई थी बिजली

मेंटनेंस के लिए बिजली बंद की गई थी, लेकिन काम के दौरान सिम्स के पीछे तार टूट गया था, जिसके चलते सप्लाई शुरू होने में समय लगाया है।

-**प्रीता एक्का**, एई, बिजली विभाग

शहर के सौंदर्यीकरण में कबाड़ी दुकान बनी नासूर, प्रशासन मौन

पुराना बस स्टैण्ड के सामने ट्रांसपोर्ट वालों का कब्जा, कतार से खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराना बस स्टैण्ड में अवैध कबाड़ी दुकान को जमीदोंज कर लाखों रुपए खर्च कर गार्डन बनाया गया है। आलम यह है कि गार्डन के पीछे में कबाड़ी ने ठेला लगाकर पीछे भारी भरकम गोदाम बना लिया है। आसपास एरिया में कबाड़ी के सामानों का ढेर लगा रहता है। वहीं गार्डन के सामने ट्रांसपोर्ट वाले कब्जा कर कतार से गाड़ी खड़ा कर रहे हैं। निगम अधिकारी हाथ पर हाथ रख तमाशा देख रहे हैं।

पिछले कई सालों से पुराना बस स्टैण्ड चौक सूर्या होटल के बाजू में अवैध कबाड़ी दुकान संचालित हो रही थी। नगर निगम के द्वारा कबाड़ी दुकान को जमींदोज कर दिया गया था। उसके बाद निगम ने सूर्या होटल के बाजू से शिव टाकीज रोड पर लाखों रुपए खर्च कर सड़क किनारे शानदार गार्डन बनाया गया है, ताकि मार्केट जाने वाले लोग शहर के अंदर गार्डन का आनंद ले सकें, लेकिन निगम की अनदेखी के चलते गार्डन के पीछे उक्त कबाड़ी ने फिर ठेला लगाकर कबाड़ी दुकान खोल लिया है और पीछे बड़ा सा गोदाम बना लिया है। गार्डन के आसपास कबाड़ के ढेर अस्त व्यस्त पड़े रहते हैं और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। गार्डन के पीछे कबाड़ी दुकान गोदाम होने से सौंदर्यीकरण पर ग्रहण लगा रहा है।





ट्रांसपोर्टर ने भी किया कब्जा

शहर को सुन्दर बनाने लाखों रुपए खर्च कर गार्डन बनाया गया है। एक ट्रांसपोर्टर ने गार्डन के सामने सड़क पर कब्जा कर लिया है, यहां कतार से छोटे, बड़े मालवाहक खड़े हो रहे हैं। 24 घण्टे गार्डन के सामने गाड़ियां खड़ी रहती हैं। गाड़ी खड़े होने से गार्डन नजर नहीं आता है। इसी तरह गाड़ियों के बाद ठेला गुमटी वाले कब्जा कर रहे हैं। इससे उक्त मार्ग संकरा हो गया है और लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है।

दो कबाड़ी दुकान में मिले 20 टन गाड़ियों के पार्ट्स

दो कबाड़ी दुकानों में पुलिस ने दबिश देकर 20 टन गाड़ियों के पार्ट्स जब्त किए हैं। पुलिस पार्ट्स के संबंध में पतासाजी कर रही है। चकरभाठा पुलिस को सूचना मिली परसदा स्थित मुस्तकीन खान व निसार हुसैन की कबाड़ी दुकान में भारी मात्रा में गाड़ियों के पार्ट्स रखे हैं। पुलिस ने दोनों कबाड़ी दुकानों में दबिश देकर गाड़ियों के अलग अलग पार्ट्स, छोटा हाथी का ढांचा, हाइवा, बस के पार्ट्स जब्त किया है। वहीं रायपुर निवासी अवधेश कुमार शर्मा की गाड़ी को जब्त किया गया है। उक्त गाड़ी में गाड़ी पार्ट्स भरे हुए मिले थे। पुलिस ने धारा 106 के तहत कबाड़ सामान सहित गाड़ी जब्त कर लिया है। पुलिस जब्त गाड़ी के पार्ट्स के संबंध में पतासाजी कर रही है कि कहीं उक्त पार्ट्स चोरी गई बाइक की तो नहीं है। कबाड़ियों ने गाड़ी पार्ट्स के खरीदी का बिल पेश कर दिया है। बताया जाता है कबाड़ी दुकानों बेखौफ चोरी के वाहनों का काटकर पार्ट्स अलग अलग कर खपाया जा रहा है।

कहां है ट्रैफिक अमला

खरीदी करने जाने वाले दुकानों के सामने पीली लाइन के बाहर वाहन खड़ा कर देते हैं तो ट्रैफिक अमला मौके पर पहुंच जाता है और गाड़ी लिफ्ट कर यातायात थाने ले जाया जाता है। किन्तु पुराना बस स्टैण्ड से शिव टाकीज रोड में कतार से नोपार्किंग में कतार से गाड़ियां खड़ी हो रही हैं। उक्त वाहनों पर कार्रवाई करने अमले के हाथ कांप रहे हैं। जबकि पुराना बस स्टैण्ड में सुबह से देर रात ट्रैफिक पुलिस वाले हनुमंदिर के बाजू में खड़े होकर दोपहिया वाहनों को रोककर लोगों को परेशान करते रहते हैं।

कार्रवाई की जाएगी

गार्डन के सामने नोपार्किंग पर खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। नो पार्किंग में खड़े हाने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

-**रामगोपाल करियारे**, ट्रैफिक एडीशनल एसपी

पहले हटाया गया था

पहले शिकायत मिलने पर गार्डन के सामने से कबाड़ी दुकान को हटाया गया। दुकान खोली गई है तो फिर से हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

-**खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

15 करोड़ रुपए ठगाने के बाद आखिरकार अब लोन देना बंद

गिनती के कर्मचारी शेष, वह भी दिन भर खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छोटे-मोटे व्यवसाय प्रारंभ करने से लेकर बस तक की खरीदारी के लिए लोन उपलब्ध कराने वाले जिला अंत्यावसायी विभाग ने आखिरकार 15 करोड़ लुटाने-ठगाने के बाद अब लोन बांटना बंद कर दिया है। वर्ष 2021 तक लोन मांगने वालों से खचाखच भरा रहने वाला यह विभाग अब खुद अपना वजूद बरकरार रखने के लिए भी तरस रहा है। सीईओ को मिलाकर केवल तीन कर्मचारी यहां शेष रह गए हैं, और वे पूरी तरह खाली हैं।

- **जिला अंत्यावसायी विभाग का हाल**

किसी जमाने में बेरोजगारों व लोन चाहने वाले हितग्राहियों से खचाखच भरा रहने वाला जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित नामक विभाग अब अपने खुद के वजूद को जिंदा रचाने की लड़ाई लड़ रहा है। पुराने कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित कार्यालय में गिनती के तीन लोग पदस्थ हैं, जिनमें सीईओ स्वयं, एक क्लर्क और तीसरे कर्मचारी के रूप में एक चपरासी पदस्थ है। विभाग के अनुसार वर्ष 2021-22 की अवधि तक यहां से लोन जारी किया जाता रहा है, लेकिन उसके बाद से लोन जारी होना बंद कर दिया गया है। इस कार्यालय से हितग्राहियों को न्यूनतम 25 हजार रूपए से लेकर मिनी बस संचालन के लिए अधिकतम 9 लाख रूपए तक का लोन प्रदान किया गया है। वर्तमान में जिला स्तर पर ही विभाग के करीब पंद्रह करोड़ रूपए हितग्राहियों के पास फंसे हैं, जिनसे पैसे की वापसी होनी है। विभाग के अनुसार राशि की वापसी के लिए कवायद करनी पड़ रही है। इसके अंतर्गत कई मामलों में आरसीसी जारी है व कुछ मामले कोर्ट में भी चल रहे हैं।

विभाग द्वारा अपने स्तर पर अपना वजूद कायम रखने का लगातार प्रयास किया जाता रहा है, जिसके लिए शासन को लगातार पत्र भेजा जाता रहा है, लेकिन फिलहाल कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल सकी है।

ट्रायबल विभाग में मर्ज करने की कवायद

अंत्यावसायी विभाग में पदस्थ प्रदेश भर के कर्मचारियों व अधिकारियों ने दो साल पहले मुख्यालय स्तर पर विभाग को ट्रायबल विभाग में मर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बाद प्रदेश स्तर से जिलावार विभागीय संपत्तियों का विस्तृत विवरण तैयार कर मांगा भी गया था, लेकिन वर्तमान में इस प्रक्रिया में फिलहाल कोई प्रगति नहीं है।

विभागीय कामकाज लगभग बंद है

विभाग से लोन बांटने का काम लगभग चार साल से बंद है। ऑफिस में अधिकारी-कर्मचारी मिलाकर केवल तीन लोग ही पदस्थ हैं। विभागीय कामकाज भी लगभग पूरी तरह से बंद है।

-**लक्ष्मी प्रसाद कश्यप**, सीईओ जिला अंत्यावसायी विभाग

रायगढ़ व मुंगेली में पेट्रोल पंप चला रहा विभाग

जिला अंत्यावसायी विभाग रायगढ़ एवं मुंगेली के द्वारा अपना पेट्रोल पंप संचालित कर न केवल अपना वजूद जिंदा रखा गया है, बल्कि अपने व आसपास के कई जिलों में पदस्थ कर्मचारियों के वेतन भुगतान का जिम्मा भी उठा रखा है। बिलासपुर जिले में भी पेट्रोल पंप स्थापना के लिए विगत लंबे समय से शासकीय भूमि की तलाश की जा रही थी, लेकिन फिलहाल व्यवस्था नहीं हो सकी है।

गरबा ड्रेस में लड़कियों का पिस्टल रखे व सिगरेट का धुंआ उड़ाते रील वायरल, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गरबा ड्रेस में लड़कियों की पिस्टल रखे व सिगरेट पीकर धुंआ उड़ाते और बाइक में लड़कों के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। हिंदू संगठन द्वारा एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और 5 लड़की व 5 लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। गुरूवार को सोशल मीडिया में कुछ लड़कियों व लड़कों के ग्रुप की रील वायरल हो रही है। जिससे कुछ लड़की गरबा के ड्रेस में पिस्टल रखी हुई और सिगरेट का धुंआ उड़ाते बाइक सवार पांच युवकों को रोकते हुए नजर आ रही हैं। हिन्दू संगठन के सदस्यों ने एसएसपी रजनेश सिंह से जारी रील पर इसे गरबा और हिंदू त्यौहार की छवि से जोड़ते हुए आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की। रील किसी नेशनल हाइवे में ओवरब्रिज के पास बनाई गई है। वीडियो शिफा मैथ्यूज नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया गया है। एसएसपी श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी पंकज कुमार पटेल को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वीडियो का अवलोकन करने के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से 5 लड़कियों व 5 लड़कों की पतासाजी कर पकड़ लिया है। सभी को सिविल लाइन थाने में लाकर पूछताछ की जा रही है।

- **5 लड़की 5 लड़के हिरासत में, पूछताछ जारी**

एएसपी पंकज पटेल ने कहा वीडियो के आधार पर लड़कियों व लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।





सोशल मीडिया में चाकू, तलवार, पिस्टल के साथ बदमाश का फोटो वायरल

बिलासपर। सोशल मीडिया में एक बदमाश युवक ने दहशतगर्दी मचाने अलग अलग पोज में चाकू, तलवार, पिस्टल के साथ फोटो वायरल किया है। पुलिस युवक की पतासाजी में जुट गई है। 8 अक्टूबर को सोशल मीडिया में एक बदमाश युवक का चाकू, तलवार, पिस्टल रखकर अलग अलग पोज में फोटो वायरल किया गया है। बताया जा रहा है फोटो में नजर आने वाले बदमाश कुदूदण्ड क्षेत्र का रहने वाला है। उसने क्षेत्र में अपना खौफ बनाने के लिए हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया में अपलोड किया है।

ज्ञात हो कि बदमाश युवक इस से अपनी दहशतगर्दी बरकरार रखने के लिए हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया में अपलोड कर रहे हैं। हालांकि पुलिस लगातार ऐसे बदमाशों की पहचान करने के बाद सख्ती से कार्रवाई कर रही है। एडीशनल एसपी पंकज पटेल ने कहा युवक की पहचान कार्रवाई कराई जा रही है। शीघ्र उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।





हटिया से एलटीटी के बीच तीन-तीन फेरे लगाएगी स्पेशल ट्रेन 12 से

बिलासपुर। रेलवे ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर एक और पूजा स्पेशल ट्रेन हटिया से एलटीटी के बीच चलाने नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसका परिचालन 12 अक्टूबर से तीन-तीन फेरे के लिए किया जाएगा।

यात्रियों की भीड़ को कम करने और तीर्थ स्थल तक जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से सभी रेलवे के लिए 100 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा तो कर दी थी, लेकिन यह आदेश बिलासपुर जोन मुख्यालय तक नहीं पहुंच सका था। स्पेशल ट्रेन की घोषणा नहीं होने के कारण सभी एक्सप्रेस ट्रेनो के स्लीपर कोच में वेटिंग का आंकड़ा 100 से अधिक और एसी थर्ड में वेटिंग 57 से अधिक होने से कंफर्म बर्थ की मुश्किल हो रही थी। रेल प्रशासन ने यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए कुछ दिन पहले एक स्पेशल ट्रेन एलटीटी से सांतरागाछी के बीच चार फेरे के लिए परिचालन करने का आदेश जारी किया था।





जब्त कफ सिरप, इंजेक्शन टेबलेट पर चला बुलडोजर

बिलासपुर। जिले के थानों में जब्त 1 हजार 98 कफ सिरप, 9 हजार 641 इंजेक्शन, 11 हजार 610 टेबलेट पर बुलडोजर चलाकर व गांजा को भट्ठी में जलाकर नष्ट किया गया है।

जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष एसएसपी रजनेश सिंह की उपस्थिति में कोनी मोहतरा स्थित सुधा बायो पावर प्रा. लि. स्थित भट्ठी में 61 प्रकरण में जब्त 302. 642 किलो गांजा, 1989 नग कफ सिरप, 2.9 ग्राम ब्राउन शुगर, 9 हजार 641 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन, 9.38 ग्राम चरस, 248 नग कैप्सूल, 11 हजार 610 नग टेबलेट को जलाकर व रोलर के माध्यम से नष्ट किया गया है। इस दौरान समिति के सदस्य एडीशनल एसपी पंकज पटेल, सहायक आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस के द्वारा मादक पदार्थों के अवैध करोबार एवं नशे के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जा रही है। जब्त मादक पदार्थों का नियमानुसार नष्टीकरण कर उनके पुनः दुरूपयोग की संभावना को समाप्त किया जा रहा है।



खबर संक्षेप

वनरक्षक से वनपाल पद पर पदोन्नत हुए सुरेश

लोरमी। कार्यालय सहायक संचालक अचानकमार टाइगर रिज़र्व में पदस्थ वनरक्षक से वनपाल पर पदोन्नत हुए। वन कर्मचारी सुरेश कुमार नवरंग का स्टार अलंकरण दिनेश कुमार पटेल, भा०व०से० उप संचालक अचानकमार टाइगर रिज़र्व लोरमी एवं गुलशन कुमार साहू सहायक संचालक के द्वारा किया गया। उक्त मौके पर समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, क्षेत्रीय एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।



खपरीकला के अनिरुद्ध की बनाई मूर्तियां बिलासपुर में होंगी स्थापित



लोरमी। शारदीय नवरात्रि नजदीक है, इसके चलते मूर्तिकारों के यहां से दुर्गा की प्रतिमाओं को परिवहन करने प्रतिदिन वाहनों से ले जाते हुए देखे जा सकते हैं। ग्रामीण अंचल में अद्भुत कलाकारी को क्षेत्र सहित प्रदेश में सराहा जा रहा है, ग्राम खपरीकला के युवा मूर्तिकार अनिरुद्ध कुंभकार ने अपनी उत्कृष्ट कलाकारी से एक बार फिर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। अनिरुद्ध द्वारा निर्मित मां दुर्गा जी की अत्यंत आकर्षक एवं भव्य प्रतिमा को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो अब बिलासपुर के प्रसिद्ध पंडाल में स्थापित होने जा रही है यह भव्य प्रतिमा 'मां शेरावली नवदुर्गा उत्सव समिति, जूना बिलासपुर (शांति लाज गली, कुम्हार पारा)' में स्थापित की जाएगी। गौरतलब है कि गांव की मूर्ति पांडातराई, लोरमी, मुंगेली, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा सहित अन्य स्थान सामिल है। इस वर्ष अनिरुद्ध की बनाई हुई कई मुख्य मूर्तियां बिलासपुर शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्थापित की जा रही हैं। इनके सहयोगी साथी में अमित, अजय, रिंकू, दिलहरण, सतीश, प्रदीप, योगेश, शिकू, मोनिका शामिल है।

गरबा नाइट्स को लेकर टीम यूथ ब्रिगेड की तैयारियां तेज



मुंगेली। शहर में टीम यूथ ब्रिगेड द्वारा आयोजित भव्य गरबा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गरबा आयोजन से पहले प्रतिभागियों को गरबा नृत्य की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। यह प्रशिक्षण 7 से 11 अक्टूबर तक सिंह इंटरनेशनल, मुंगेली में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार प्रशिक्षण के बाद 15, 16 एवं 17 अक्टूबर 2026 को बी.आर. साव परिसर, मुंगेली में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिभागी पारंपरिक गरबा एवं डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए टीम द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं।

नवरात्रि की तैयारियां तेज, देवी मंदिरों में जलेंगे आस्था के दीप



सरगांव। शारदीय नवरात्रि पर्व पर आदिशक्ति महामाया मंदिर,प्राचीन मां धुमेश्वरी मंदिर,मां मानसा मंदिर व देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में आस्था के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर समितियों द्वारा साफ-सफाई,रंग-रोगन, विद्युत सजावट और पूजा-अर्चना की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा पंजीयन कराया जा रहा है। महामाया मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ ही दर्शन और पूजा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिरों में सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। महामाया मंदिर समिति के अध्यक्ष शिव पाण्डेय ने बताया कि श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

स्वच्छता ही सेवा': पालिका अध्यक्ष व मेडिकल टीम ने किया श्रमदान

लोरमी। 'सेवा संकल्प' के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लोरमी द्वारा सामुदायिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल तथा मेडिकल टीम लोरमी के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा सहित सदस्यों ने संयुक्त रूप से साफ-सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। 'स्वच्छ लोरमी, सुंदर लोरमी, स्वस्थ लोरमी' के संकल्प के साथ आयोजित इस अभियान में उपाध्यक्ष जीवन साहू, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, राजेंद्र साहू एवं जितेंद्र राजपूत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

प्रशासनिक उदासीनता के चलते ग्रामीणों में गहरा असंतोष

आयुर्वेदिक औषधालय में डॉक्टर नहीं, सेवकों के भरोसे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



क्षेत्र में ग्राम डिंडौरी एवं खपरीकला के आयुर्वेद औषधालय में सालों से डॉक्टर का पद रिक्त होने की जानकारी सामने आई है। हाल यह है कि, औषधालय सेवक ही यहां शासकीय अस्पताल को खोलकर चलाते हैं। जिला आयुर्वेद अधिकारी के के अनुसार, ब्लॉक में आठ स्थानों में शासकीय आयुर्वेद औषधालय संचालित है, जिसमें सेमरसल, पैजनिया, देवरहट, बघमार, अखरार, कोदवामहन्त में चिकित्सक पदस्थ हैं, वहीं डिंडौरी एवं खपरीकला में पद रिक्त है।

ऐसे में पद रिक्त वाले स्थानों के ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खपरीकला के आयुर्वेद औषधालय में पिछले 17 वर्षों से कोई भी रेगुलर डॉक्टर पदस्थ नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि, यहां दवाइयों की कमी बनी रहती है। किसी प्रकार की आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को समुचित लाभ नही मिल पा रहा है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतः ग्रामीणों और स्थानीय लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी इसकी शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

सियान जतन क्लिनिक का आयोजनः यहां प्रत्येक महीने के पहले गुरुवार को 'सियान जतन क्लिनिक' का आयोजन किया जाता है, लेकिन डॉक्टर और स्टाफ न होने के कारण यह सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आता है। इस लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के चलते ग्रामीणों में गहरा असंतोष और नाराजगी व्याप्त है। गौरतलब है कि सुदूर ग्रामीण अंचल में आयुर्वेदिक औषधालय में चिकित्सक नहीं होने से ग्रामीण भटकते हैं और सालों यहां डॉक्टरों की पद स्थापना क्यों नहीं हुई है, यह जांच का विषय है। जनपद उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने बताया कि डिंडौरी में सालों से डॉक्टर पदस्थ नही है, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को भी नही है। शासन जल्द चिकित्सक की पदस्थापना करें। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ यामिनी शर्मा ने कहा की डॉक्टरों की पदस्थापना प्रशासनिक स्तर का मामला है, समय पर नहीं खुलना इसके लिए निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जंगली हाथियों का उत्पात जारी ग्रामीण के घर को बनाया निशाना

लोरमी। अचानकमार टाइगर रिजर्व के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम बिन्दावल में चार हाथियों के समूह में जमकर उत्पाद मचाया। इस बीच एक ग्रामीण का घर तोड़ने की जानकारी सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात 1 बजे ग्राम बिन्दावल में चार हाथियों की समूह अचानक ईश्वर 38 वर्ष पिता गुरु मरावी के निवासी बिन्दावल का मकान बस्ती किनारे घर है, जिस अचानक हाथियों के दल ने हमला कर घर को भारी क्षति पहुंचाई। हाथियों के दल के हमले के दौरान ग्रामीण बगल कमरे में पत्नी तीन बच्चों के साथ सो रहे थे, हाथियों के चिंघाड़ की आवाज सुनकर ग्रामीण पत्नी बच्चों के साथ जान बचाकर घर से भागकर जान बचाई। पीड़ति ने बस्ती में जाकर हाथी हमले की जानकारी मोहल्लेवासियों को दिए। ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर हाथी को भगाने के उपाय किए। इस दौरान चारों हाथियों ने पीड़ित के बाडी में सब्जी तरकारी एवं धान फसलों को रौंद कर चौपट कर अपना आहार बनाया।

गौरतलब है कि, चार हाथियों का दल विगत 4 सालों से एटीआर के सुदूर वनांचल में अपना रहवास क्षेत्र बना रखा हैं। धान के फसलों पकने के दौरान वह गांव की ओर लौटते हैं और फसलों को अपना आहार बनाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों ने गुरुवार की सुबह 4-5 बजे तक खेतो में डेरा डाला हुआ था। ग्रामीणों ने विभाग को हाथियों के हमले की जानकारी दी एवो विभाग ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर प्रकरण तैयार कर मुवायजा के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित करने में जुट गए। साथ ही विभाग ने ग्रामीणों को चेतावनी दिए हैं कि, जंगली हाथियों से दूर रहे।

वन्यप्राणी सप्ताह के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं को वनों एवं वन्यप्राणियों के प्रति किया गया जागरूक

लोरमी। अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन्यप्राणी सप्ताह के दौरान अंतिम दिवस शिवतराई के स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उप संचालक महोदय अचानकमार टाइगर रिजर्व के हाथों पुरस्कृत किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को वनों एवं वन्यप्राणियों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डीएफओ दिनेष पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे। एसडीओ गुलशन साहू ने कहा कि, मामले में मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा रहा है। ग्रामीणों को हाथियों को लेकर सावधानी बरतने एक बैठक भी की जा रही है।



कांग्रेस ने लोरमी में मनाया 'काला दिवस' मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग



लोरमी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोरमी द्वारा अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय के समक्ष 'वोट चोरी' के विरोध और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 'काला दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य दास वैष्णव ने कहा कि यह आयोजन केवल विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प है। कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ नेता पवन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर ने 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाली विशाल मोटरसाइकिल रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नितेश पाठक तथा आभार प्रदर्शन प्रदीप दुबे ने किया। इस अवसर पर गणेश शुक्ला, परमेश्वर गुप्ता, सलीम खान, शशांक वैष्णव, धनंजय दुबे, मुकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामलाल साव की 43वीं पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रह्मा भोज



मुंगेली। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में स्व रामलाल साव की 43वीं पुण्य स्मृति दिवस पर बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट मुंगेली एवं ब्रह्माकुमारीज के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्मा भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बीके सीमा बहन सहित ब्रह्माकुमारी भाई–बहनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विनय गुप्ता, स्व. रामलाल साव के लौकिक परिवारजन तथा नगर के गणमान्य एवं स्नेहीजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. रामलाल साव के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। उपस्थितजनों ने उनके जीवन एवं स्मृतियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी ने ब्रह्मा भोजन प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में आध्यात्मिक वातावरण के बीच स्व. साव की पुण्य स्मृति को नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन दिवंगत व्यक्तित्व की स्मृतियों को संजोने के साथ ही समाज में सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक मूल्यों का संदेश देते हैं।

चित्रकला, निबंध, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं

भरींडांड़। मरवाही वनमंडल के वन परिक्षेत्र मरवाही में "वन्यजीव सुरक्षित तो वन सुरक्षित, वन सुरक्षित तो हमारा भविष्य सुरक्षित" की भावना के साथ आयोजित वन्यजीव संरक्षण सप्ताह का समापन हुआ। सप्ताहभर वन्यजीव सुरक्षा, संरक्षण एवं जनजागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

प्रथम दिवस संवेदनशील वन क्षेत्रों में विशेष गश्ती अभियान चलाया गया। द्वितीय दिवस हाथी-मानव एवं भालू-मानव द्वंद्व की रोकथाम हेतु बाइक/साइकिल जागरूकता रैली आयोजित की गई। तृतीय दिवस वन प्रबंधन समितियों की बैठक लेकर सदस्यों एवं ग्रामीणों को इस वर्ष की वन्यजीव संरक्षण थीम के संबंध में जागरूक किया गया। चतुर्थ दिवस विद्यालयों में निबंध, चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पंचम दिवस जलस्रोतों एवं वन्यजीव आवासों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया, जबकि षष्ठम दिवस संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रात्रि गश्ती अभियान चलाया गया।



विद्यार्थियों की सहभागिता से हुआ समापन समारोह

अंतिम दिवस तीन विद्यालयों के विद्यार्थियों की संयुक्त सहभागिता से चित्रकला, निबंध, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा।

शुक्ल कॉलेज में एचआईवी एड्स पर जागरूकता अभियान



सीपत। शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में रेड रिबन क्लब एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। इस दौरान एचआईवी एवं एड्स से बचाव के लिए सुरक्षा और जागरूकता को सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए विद्यार्थियों एवं आम लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी-एड्स से बचाव, सुरक्षा और जागरूकता का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में नरेंद्र कुमार, प्रिया साहू, सत्यवान, सिद्धि धीवर, ऋतिक कुमार, अनुराग बंजारे, सुहानी एवं श्रद्धा धीवर ने प्रभावी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति के अधिकारियों ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स से संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने विभिन्न सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल तरीके से जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रघुनन्दन पटेल, श्वेता पंड्या, डॉ. शुभ्रा मिश्रा, डॉ. राम प्रसाद चंद्रा, डॉ. के. वेणु अचारी एवं डॉ. हेमपुष्पा नायक उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

शराब पर सख्तीः रौनाकापा में नशे पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना



पथरिया। ग्राम पंचायत रौनाकापा में ग्राम सभा के सर्वसम्मत निर्णय के बाद गांव को नशामुक्त बनाने की पहल शुरू की गई है। पंचायत ने सार्वजनिक चेतावनी जारी करते हुए गांव में शराब की बिक्री, निर्माण, सेवन और बाहर से शराब लाने पर प्रतिबंध लगाया है। निर्णय के अनुसार गांव में शराब बेचने या बनाने वाले पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा तथा कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित थाने को सौंपा जाएगा। वहीं गांव में बाहर से शराब लाकर पीने या गाली-गलौज करने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। किसी व्यक्ति का मेहमान शराब का सेवन कर गांव में आता है तो मेजबान पर भी 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। पंचायत ने नियमों के उल्लंघन की सूचना देने वालों के लिए 2 हजार रुपये के गुप्त पुरस्कार की घोषणा की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



मरवाही। किसानों की समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष रामनारायण राय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भारतीय किसान संघ द्वारा पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के तौर पर गौवंदन योजना को लागू कर प्रति गाय 50 रुपए दिन किसानों को दिए जाने, भूपेश सरकार के कार्यकाल के चौथे किश्त के रूप में प्रदेश के किसानों 1 हजार 700 करोड़ की राशि दिलाने के साथ साथ केंद्र के द्वारा समर्थन मूल्य में हुई वृद्धि को बढ़ाकर प्रति क्विंटल 3 हजार 358 करने की मांग की गई। इसके अलावा सब्जी एवं फलों की किसानी करने वाले किसानों को कृषि उन्नति योजना से जोड़ने, वर्तमान में धान खरीदी में प्रति बोरा 40.700 का वजन लेने के नियम का प्रचार प्रसार करने एवं दीर्घ किसानों को 5 टोकन, लघु को 3 एवं सीमांत को 2 टोकन की मांग की गई है, ताकि किसानों को अपनी मेहनत की फसल बेचने में दिक्कत न हो। साथ ही जो जबरन समर्पण कराया जाता है उसे बंद करने की मांग की गई। हाल ही में भारी बारिश के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ से होने वाली फसल की नुकसानी दिलाने, भूमि अधिग्रहण में भारतीय किसान संघ के आयाम भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर की ओर से जारी किए गए उदयपुर डिक्लेरेशन के अनुसार करने, जल संरक्षण की दृष्टि से गर्मी के धान उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए रबी के फसल गेहूं, चना, मक्का को समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग के साथ-साथ जिले में किसानों को स्टॉम्प एवं कोर्ट फीस टिकट को उसके वास्तिव मूल्य से दोगुने बेचने वालों पर कार्रवाई एवं वास्तविक मूल्य पर उपलब्ध कराने, जिले में सिंचाई की सुविधा की कमी को देखते हुए जिले के धोबहर झंडीटोला में नए बांध की मांग ओर मलानिया बांध के पानी को सधवानी तक पहुंचाने की मांग एवं सोन नद पर विभिन्न गांवों में बने एनिकेटो के गेट की सही मरमत ताकि गर्मी के दिनों में पानी का ठहराव हो, वही कुछ माह पहले मरवाही धान उपार्जन केंद्र से लगे ग्राम कटरा को तेंदुमुड़ा उपार्जन केंद्र से वापस मरवाही उपार्जन में जोड़ने की मांग की गई। ग्राम पंचायत बगरार के आवास मोहल्ले में विद्युत तार को मिड पोल के माध्यम से उपर करने के साथ साथ लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने, बेलझिरिया के मोहल्ले माडिया पिट्टा में लो वोल्टेज के समस्या को दूर करने नए ट्रांसफार्मर व परासी के कृषि फीडर में शाम 5 से 12 बिजली बंद को खत्म करने की मांग की गई, ताकि किसानों को सिंचाई में दिक्कत का सामना न करना पड़े।

हाथियों से होने वाले नुकसान पर मुआवजा बढ़ाने की मांग- साथ ही मरवाही से लगे चार पांच ग्रामों में हाथियों के आतंक से होने वाले फसल हानि के मुआवजा को 9 हजार प्रति एकड़ से बढ़ाकर खेत में शेष बचे फसल का क्रॉप कटिंग करवाकर आकलन के अनुसार प्रति एकड़ 65 हजार के हिसाब से मुआवजा एक माह के अंदर भुगतान करने एवं भुगतान के लिए पड़े हुए फाइलों की तत्काल भुगतान दिलाने की मांग की गई।

अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई की मांग

नगर की 13 प्रमुख समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



मुंगेली। नगर में विभिन्न जनसमस्याओं, विकास कार्यों में देरी एवं कथित अनियमितताओं के निराकरण की मांग को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली ने नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक गुप्ता के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जनहित से जुड़े कुल 13 प्रमुख मुद्दों को उठाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन से पूर्व कांग्रेसजनों ने नगर पालिका कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की।

ज्ञापन में नगर पालिका अध्यक्ष के अधिकारों का संरक्षण एवं सम्मान करते हुए उनके वैधानिक और प्रशासनिक अधिकार पूर्ण रूप से प्रदान करने की मांग की गई है। साथ ही नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में हो रहे अवैध निर्माण तथा नदी, नहर और नालों में हो रहे अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। पेंडाराकापा स्थित स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर एवं भारत माता मंदिर से संबंधित भूमि पर नगर पालिका द्वारा किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य नहीं किए जाने की मांग भी रखी गई है। कांग्रेस ने नगर पालिका की पीआईसी (प्रेसिडेंट–इन–काउंसिल) के गठन में हो रही प्रशासनिक देरी समाप्त कर शीघ्र गठन की अनुमति देने की मांग की, ताकि नगर के विकास एवं जनहित के कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। प्रधानमंत्री आवास एवं नगर पालिका क्षेत्र में निर्मित आवासों की लंबित राशि हितग्राहियों को तत्काल भुगतान करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। इसके अलावा मुंगेली में निर्माणाधीन गौरव पथ के कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर हो रहे अवैध कब्जों की जांच कर शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने, लंबे समय से अधूरे पड़े सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और सफाई कार्योंर् को शीघ्र पूरा कराने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में स्मार्ट टॉयलेट की व्यवस्था एवं रखरखाव, राशन कार्ड से संबंधित लंबित मामलों का निराकरण, वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन का समय पर भुगतान, बेरोजगार युवाओं से संबंधित सहायता व पेंशन प्रकरणों का निराकरण तथा पात्र परिवारों को श्रद्धांजलि सहायता राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की गई। शहर के वार्डोंर् में नियमित साफ–सफाई, नालियों की सफाई, कचरा उठाव एवं स्ट्रीट लाइट सहित मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया गया।